आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 6 जून 2024 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-069 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 7 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

नाबालिग के साथ 6 दरिंदों ने किया गैंगरेप

जशपुर,6 जून। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले से हैवानियत की खबर सामने आई है. यहां एक नाबालिग के साथ 6 दरिंदों ने गैंगरेप किया है. वहीं हवस के भूखे दरिंदो की चंगुल से एक नाबालिग ने भागकर अपनी अस्मत बचाई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गैंगरेप के वारदात में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें 4 नाबालिग और 2 बालिग हैं. यह पूरा मामला सन्ना थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, सन्ना थाना अंतर्गत एक शादी समारोह में दो नाबालिग शामिल होने गई हुई थी. इस दौरान दोनों को बहला फुसलाकर आरोपी जंगल लेकर गए. वहां 6 आरोपियों ने उनके साथ अत्याचार करना शुरू किया. तभी आरोपियों के चंगुल से भागकर एक नाबालिग ने अपनी इज्जत बचाई और अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिजनों को दी. जिसके बाद परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की. मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया. वहीं इस वारदात में शामिल 4 नाबालिग समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में उतारा मौत के घाट

नारायणपुर,6 जून। जिले में नक्सलियों का आतंक कम होने का नाम ही नहीं ले रहा हैं। इसी बीच एक बार फिर दहशतगर्दों ने ग्रामीण की हत्या कर दी है। वारदात के बाद नक्सलियों ने मौके पर पर्चे भी फेंके है। उस पर पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाया है। घटना मसपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, रात करीब 10 बजे होरादी की तरफ से करीब 15-20 सशस्त्र वर्दीधारी नक्सली पहुंचे थे। ग्रामीण शालुराम पोटाई (45) पिता मूराराम पोटाई के घर को चारों तरफ घेर लिया। जिस वक्त शालुराम घर के अंदर खाना खा रहा था, तभी उसे घसीटते हुए नक्सली बाहर ले आए। फिर धारदार हथियार से उसकी बेरहमी से हत्या कर होरादी की ओर चले गए। नक्सलियों ने घटना स्थल पर कुतुल एरिया कमेटी का पर्चा भी फेंका हैं। पुलिस का कहना है कि, नक्सल क्षेत्र में विकास और आदिवासियों के उत्थान के खिलाफ नक्सलियों की बौखलाहट दिख रही है।

दिल्ली को हिमाचल प्रदेश से मिलेगा अतिरिक्त पानी

नईदिल्ली,6 जून। दिल्ली को जल्द जल संकट से राहत मिल सकती है। जल संकट को लेकर दिल्ली सरकार की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।इस दौरान कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश को दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने हरियाणा सरकार से कहा है कि वह दिल्ली में पानी पहुंचने की राह में रोड़ा न बने, बल्कि सहयोग करे।कोर्ट ने कहा है कि पानी की बर्बादी न हो इसका भी ध्यान रखा जाए। कोर्ट ने कहा, चूंकि हिमाचल प्रदेश को कोई आपत्ति नहीं है, इसलिए हम निर्देश देते हैं कि वह ऊपरी धारा से 127 क्यूसेक पानी छोड़े, जो हथिनीकुंड बैराज तक पहुंचे और फिर वजीराबाद होते हुए दिल्ली पहुंचे। आवश्यकता को देखते हुए हम हिमाचल प्रदेश को हरियाणा को पूर्व सूचना देते हुए कल पानी छोड़ने का निर्देश देते हैं।

हार के बाद दिग्विजय सिंह का भावुक पोस्ट

भोपाल,6 जून। मध्य प्रदेश की सबसे हॉट सीटों में शामिल राजगढ़ लोकसभा सीट के परिणामों को लेकर हर कोई उत्सुक था। प्रदेश के साथ पूरे देश की नजरें इस चर्चित सीट पर थी। लेकिन जो परिणाम सामने आए , उसमें राजा दिग्विजय सिंह अपना ही गढ़ बचाने में नाकाम रहे। राजगढ़ से लगातार तीसरी बार सांसद रोडमल नागर चुनाव जीतने में कामयाब हुए हैं। उन्होंने 1 लाख 46 हजार 89 मतों के अंतर से कांग्रेस के दिग्विजय सिंह को हराया।

योगी आदित्यनाथ बुलाए गए नई दिल्ली

लखनऊ,6 जून। लोकसभा चुनाव में भाजपा को यूपी में बड़ा झटका लगा है। राज्य में उसे 29 सीटें खोनी पड़ी हैं और उसे महज 33 पर ही जीत मिली है, जबकि 2019 के आम चुनाव में उसे 62 पर विजय मिली थी। इन नतीजों को लेकर सवाल उठ रहे हैं और भाजपा में मंथन का दौर जारी है। इस बीच पार्टी ने दिल्ली में संसदीय बोर्ड की मीटिंग बुलाई है। इस मीटिंग से पहले खासतौर पर यूपी को लेकर एक बैठक की जाएगी। इस बैठक के लिए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को दिल्ली बुलाया गया है। उनके साथ दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी जाएंगे। वहीं राज्य के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी दिल्ली पहुंचेंगे। इस मीटिंग में उत्तर प्रदेश में भाजपा के कमजोर प्रदर्शन पर चर्चा की जाएगी। बता दें कि यूपी की मीटिंग के बाद भाजपा के संसदीय दल की भी बैठक होगी। इस बैठक में नरेंद्र मोदी को नेता चुना जाएगा। यहां पर भी चुनाव नतीजों पर मंथन हो सकता है।

बदली पीएम मोदी के शपथ ग्रहण की तारीख

नई दिल्ली,6 जून। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के ऐलान के बाद नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। अब खबर है कि उनके शपथ ग्रहण समारोह की तारीख को एक दिन आगे बढ़ा दिया गया है। हालांकि, अब तक भारतीय जनता पार्टी की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। पहले संभावनाएं जताई जा रही थीं कि वह 8 जून यानी शनिवार को शपथ ले सकते हैं। मंगलवार को घोषित परिणामों में नेशनल डेमोक्रेटिक आलायंस यानी एनडीए को 293 सीटें मिली थीं। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि पीएम मोदी अब 8 के बजाए 9 जून, रविवार को शपथ ले सकते हैं। खास बात है कि भारतीय जनता पार्टी 2024 चुनाव में 240 सीटें जीतने में सफल रही है। हालांकि, पार्टी अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर सकी और 2019 के आम चुनाव की तुलना में करीब 63 सीटों का नुकसान हुआ है। मोदी ने बुधवार को ही राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को इस्तीफा सौंप दिया था। वहीं, राष्ट्रपति की तरफ इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया था और नई सरकार के संभालने तक पद पर बने रहने की अपील की गई थी।

शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने की तैयारी

नई दिल्ली,6 जून। मोदी 3.0 सरकार के गठन की तैयारी तेज हो गई है। अब एनडीए की तीसरे कार्यकाल का शपथ ग्रहण समारोह है तो नजारा भी भव्य होना चाहिए। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों के नेताओं को बुलाने की तैयारी कर ली गई है। लोकसभा चुनाव में 293 सीटों के साथ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की जीत के बाद, मोदी प्रधानमंत्री के रूप में अपने ऐतिहासिक लगातार तीसरे कार्यकाल की शपथ लेने के लिए तैयार हैं। सूत्रों के मुताबिक, मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान, नेपाल और मॉरीशस की प्रमुख हस्तियों को निमंत्रण दिया जाएगा। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के मीडिया कार्यालय ने पुष्टि की कि मोदी ने उन्हें शपथ ग्रहण समारोह के लिए निमंत्रण दिया है। विक्रमसिंघे ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। इसमें कहा गया कि विक्रमसिंघे ने फोन पर मोदी को चुनावी जीत पर बधाई दी। इसमें कहा गया। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति विक्रमसिंघे को अपने शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया। मोदी ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से भी फोन पर बातचीत की है। राजनयिक सूत्रों ने बताया कि फोन पर बातचीत में मोदी ने हसीना को अपने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया। ऊपर बताए गए लोगों ने कहा कि नेपाली प्रधान मंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड', भूटान के प्रधान मंत्री शेरिंग टोबगे और मॉरीशस के प्रधान मंत्री प्रविंद जुगनौथ को मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया जाना तय है।

अग्निवीर योजना पर विचार की जरूरत: जेडीयू

पटना,6 जून। नीतीश कुमार की जेडीयू ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' और यूसीसी का समर्थन किया है जिन एजेंडे पर भाजपा वर्षों से जोर दे रही है और लागू करना चाहती है। हालांकि, जेडीयू अग्निवीर योजना की समीक्षा चाहती है, जिसके बारे में उसका मानना है कि इसका असर चुनावों पर पड़ा। अग्निपथ योजना, जिसे जून 2022 में शुरू किया गया था, युवाओं को चार साल के लिए भर्ती किया जाता है, जिसके बाद उनमें से 25% को बरकरार रखा जाएगा और बाकी को रिहा कर दिया जाएगा - एक ऐसा खंड जिसने सेना के उम्मीदवारों को परेशान कर दिया है। केसी त्यागी ने यह बयान देकर बीजेपी की टेंशन बढ़ा दी है। जेडीयू, जिसका समर्थन एनडीए सरकार के अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है, ने भी कहा है कि उसे समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से कोई समस्या नहीं है, लेकिन वह सभी हितधारकों के साथ बातचीत चाहता है। उन्होंने दावा किया कि यूसीसी पर नीतीश कुमार ने विधि आयोग को चिट्ठी लिखी थी। उन्होंने कहा था कि हम इसके खिलाफनहीं हैं लेकिन व्यापक विचार विमर्श की आवश्यकता है। उन्होंने दावा किया कि वन नेशन वन इलेक्शन का हम समर्थन कर चुके हैं। अभियान के क्रम में, गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यूसीसी को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में लागू किया जाएगा। पिछले महीने, पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह ने सुझाव दिया था कि रंगरूटों के पहले बैच के चार साल की सेवा पूरी होने पर अग्निपथ योजना में कुछ बदलाव किए जा सकते हैं। मार्च 2010 से मई 2012 तक सेना प्रमुख के रूप में कार्य करने वाले सिंह ने कहा कि अग्निवीरों का पहला जत्था पहले ही उनकी इकाइयों में शामिल हो चुका है।

शिवराज के बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की अटकलें

भोपाल,6 जून। सूत्रों के हवाले से एक बड़ी खबर सामने आई है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। वहीं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को दिल्ली बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि शिवराज सिंह को भाजपा का नेशनल प्रेसिडेंट बनाया जा सकता है।

लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सभा में शिवराज सिंह की आने वाली भूमिका की ओर इशारा किया था। उन्होंने कहा था कि शिवराज जब संसद गए थे, तब मैं पार्टी महासचिव के रूप में साथ काम कर रहा था। अब मैं उन्हें एक बार फिर अपने साथ दिल्ली ले जाना चाहता हूं।

शिवराज सिंह को सत्ता और संगठन दोनों का ही अच्छा खासा अनुभव है। मध्य प्रदेश में सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के पास है। 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में भी शिवराज की लाड़ली बहना योजना मास्टर स्ट्रोक साबित हुई। जिसके चलते बीजेपी सरकार बनाने में कामयाब हो सकी। शिवराज सिंह चौहान की संघ से काफी नजदीकी रही है। 1972 में 13 साल की उम्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शामिल हो गए। हालांकि इसके बाद अधिकांश समय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दायित्वों के निर्वहन करने में निकला। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं।आपको बता दें कि जेपी नड्डा का कार्यकाल 30 जून को खत्म हो रहा है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा जल्द कर सकती है।

चंद्रबाबू नायडू 12 को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

नईदिल्ली,6 जून । आंध्र प्रदेश के विधानसभा चुनाव में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) सबसे बड़ी पार्टी उभरी है। उसने जगन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी को बुरी तरह मात दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव नतीजों के बाद टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू राज्य की सत्ता संभालने की तैयारी कर रहे हैं। वह संभवतः 12 जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।नायडू राज्य में चौथी बार मुख्यमंत्री के रूप में कामकाज संभालेंगे। पहले वह 9 जून को शपथ लेने वाले थे।नायडू पहले 9 जून के अपने शपथ ग्रहण समारोह में नरेंद्र मोदी को भी प्रधानमंत्री के तौर पर आमंत्रित करने वाले थे, लेकिन तब तक केंद्र में सरकार बनने को लेकर असमंजस की स्थिति थी।

लोकसभा में जीरो सांसद फिर भी अठावले ने मांगा कैबिनेट मंत्री का पद

नई दिल्ली,6 जून। केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है. इस बीच सहयोगी दलों ने बीजेपी पर मंत्री पद को लेकर दवाब बनाना भी शुरू कर दिया है. सूत्रों के मुताबिक, जेडीयू और टीडीपी जैसे दलों ने कई मंत्रालयों की मांग की है. वहीं अब रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अठावले के सांसद रामदास अठावले ने भी नई सरकार में कैबिनेट का बर्थ मांगा है. गौर करने वाली बात ये है कि अठावले की पार्टी के लोकसभा में कोई सांसद नहीं है और आरपीआई के एकमात्र राज्यसभा सांसद वह खुद ही हैं.अठावले ने कहा, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया बाबा साहेब अंबेडकर की पार्टी है. मोदी जी ने अंबडेकर जी और संविधान को बचाने के लिए बहुत से काम किए हैं. इसलिए इस वक्त हमारी मांग है कि मैं लगातार 8 साल से राज्य मंत्री हूं, मेरी पार्टी देशभर में काम करती है. मेरी पार्टी एनडीए के साथ पूरी ईमानदारी से रही है. महाराष्ट्र में हमने बिना कोई सीट पर लड़े एनडीए को समर्थन दिया. इस वक्त मुझे कैबिनेट मंत्री का पद मिलना चाहिए और उसमें अगर सोशल जस्टिस मिलता है तो बहुत अच्छी बात होगी. इसके अलावा अगर लेबर मिनिस्ट्री या अल्पसंख्यक मंत्रालय मिलता है तो भी ठीक है.अठावले ने आगे कहा, कैबिनेट मंत्रालय हमें मिलता है तो दलित समाज में एक अच्छा वातावरण तैयार हो सकता है. मुझे देवेंद्र फडणवीस ने भी वादा किया था कि हम आपको एक भी सीट नहीं दे पा रहे हैं लेकिन जरूर कैबिनेट मंत्री पद के लिए आप प्रयत्न करिएगा. ऐसा उन्होंने हमें आश्वासन दिया था. अठावले ने कहा, अभी तक मेरी बीजेपी नेताओं से कोई बात नहीं हो पाई है.मैं अब अमित शाह और जेपी नड्डा से मिलूंगा. महाराष्ट्र के नेताओं की तरफ से भी अगर सिफारिश होती है तो मुझे मंत्री पद मिल सकता है...

कनाडा ने भारत को बताया दूसरा बड़ा खतरा

नई दिल्ली,6 जून। कनाडा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के साथ काम करने के लिए तैयार है। देश के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने गुरुवार सुबह अपने बधाई संदेश में कहा कि चीन के बाद भारत देश के लोकतंत्र के लिए दूसरा सबसे बड़ा विदेशी खतरा है। जस्टिन ट्रूडो पिछले साल खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर भारत के खिलाफ कनाडा के हमले का नेतृत्व कर रहे हैं। ट्रूडो ने कहा कि देश मानवाधिकारों, विविधता और कानून के शासन पर आधारित संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए मोदी सरकार के साथ काम करने के लिए तैयार है।

भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को उनकी चुनावी जीत पर बधाई। उनके कार्यालय ने उनके हवाले से कहा, कनाडा हमारे देश के लोगों के बीच मानवाधिकारों, विविधता और कानून के शासन पर आधारित संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए अपनी सरकार के साथ काम करने के लिए तैयार है। कनाडा और भारत के बीच इस आरोप को लेकर कूटनीतिक विवाद चल रहा है कि कनाडा की धरती पर भारतीय एजेंटों ने निज्जर की हत्या की साजिश रची थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी 4 जून को संपन्न हुए भारत के आम चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। भाजपा ने संसद के निचले सदन लोकसभा में 240 सीटें जीतीं, सीटों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई।

महाराष्ट्र भाजपा में किया जाएगा परिवर्तन

नईदिल्ली,6 जून। देश में लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे आने के बाद महाराष्ट्र में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, जबकि बीजेपी पहले से तीसरे पायदान पर आ गई है. राज्य में विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी ने 48 लोकसभा सीटों में से 30 पर जीत हासिल की है, जबकि सत्तारूढ़ महायुति को केवल 17 सीटों से संतोष करना पड़ा. भाजपा पूरे राज्य में सिर्फ 9 सीटें ही जीत पाई है, जबकि 2019 में भाजपा ने 23 सीटें जीती थीं. बता दें कि अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने बारामती में हराया है। कांग्रेस ने महाराष्ट्र में 13 सीटें जीती हैं, जो 2019 में राज्य में पार्टी द्वारा जीती गई एकमात्र सीट से कहीं ज्यादा है. आपको बता दें कि महाराष्ट्र में बीजेपी के खराब प्रदर्शन से केंद्रीय नेतृत्व को बड़ा झटका लगा है. इस पृष्ठभूमि में महाराष्ट्र बीजेपी में कुछ बड़े संगठनात्मक बदलाव की संभावना है. पार्टी के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस ने इस्तीफे की पेशकश की है. इस बीच, उपमुख्यमंत्री फडणवीस आज दिल्ली जाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे. सूत्रों की मानें तो इस मुलाकात के बाद फडणवीस कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं.

वहीं खबर है कि फडणवीस महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के अपने फैसले पर भाजपा आलाकमान से चर्चा करेंगे. कहा जा रहा है कि फडणवीस इस्तीफा देने के अपने फैसले पर अड़े हुए हैं, लेकिन राज्य भाजपा के नेता उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके चलते फडणवीस ने आश्वासन दिया है कि वह अगला फैसला पूरी तरह विचार करने के बाद लेंगे.

इसके अलावा लोकसभा परिणाम घोषित होने के बाद बुधवार को मुंबई में महाराष्ट्र भाजपा की अहम बैठक हुई जिसमें राज्य में हार के कारणों पर चर्चा की गई. इसके बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र में बीजेपी की हार की जिम्मेदारी ली. वहीं पत्रकारों से बात करते हुए उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, मैं महाराष्ट्र में ऐसे नतीजों की जिम्मेदारी लेता हूं. क्योंकि मैं पार्टी का नेतृत्व कर रहा था. मैं बीजेपी आलाकमान से अनुरोध करता हूं कि मुझे सरकार की जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए ताकि मैं आगामी चुनावों में पार्टी के लिए कड़ी मेहनत कर सकूं.



पिता-पुत्र की सड़क हादसे में मौत

जशपुर,6जून। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में तेज रफ्तार का कहर जारी है. सरईपानी गांव के पास बुधवार देर रात सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई है. जानकारी के मुताबिक, जशपुर जिला के बगीचा के ग्राम घोघर निवासी मदन राम अपने बेटे रूपक कुमार के साथ एक ही बाईक में सवार होकर अपने दमाद के घर नकबार गए थे. वहां से देर रात घर वापिस लौटते समय ग्राम सरईपानी के पास उनकी बाईक को एक अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी, जिससे पिता-पुत्र दोनों की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलने पर बगीचा पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मर्ग किया और दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. इसके साथ ही पुलिस दुर्घटना के लिए अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है.

रायपुर। सीएम विष्णुदेव साय की उपस्थिति में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव ने नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक ली। सांसदों का स्वागत किया गया।

कोटा में नीट परिणाम के बाद छात्रा 9वीं मंजिल से कूदी

जयपुर,6 जून। राजस्थान के कोटा में एक छात्रा की आत्महत्या की खबर आई है। राष्ट्रीय प्रवेश-सह पात्रता परीक्षा (नीट) के परिणाम जारी होने के एक दिन बाद मेडिकल की तैयारी कर रही छात्रा ने अपनी जान दी।18 वर्षीय छात्रा की पहचान बागिशा तिवारी के रूप में हुई है। उसने अपार्टमेंट की 9वीं मंजिल के कूदकर जान दी।तिवारी मध्य प्रदेश के रीवा की रहने वाली थीं। वह मां और भाई के साथ जवाहर नगर इलाके में रह रही थीं। पुलिस का कहना है कि छात्रा के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इसलिए सभी कोणों से जांच की जा रही है। वह निजी कोचिंग में परीक्षा की तैयारी कर रही थी।छात्रा का भाई 12वीं में पढ़ता है। वह इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहा है।

क्या राहुल गांधी बनेंगे लोकसभा में विपक्ष के नेता?

नई दिल्ली,6जून। लोकसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बहुमत तो मिल गया है, लेकिन विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने भी शानदार प्रदर्शन किया है. ये साफ हो गया है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे. ऐसे में अब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कौन होगा को लेकर चर्चा हो रही है. सूत्रों ने बताया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस नेता राहुल गांधी बन सकते हैं. सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस में विचार चल रहा है कि राहुल गांधी सदन में कांग्रेस की कमान संभालें और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनें. जल्द ही कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में लोकसभा में कांग्रेस का नेता तय किया जाना है. इस बीच कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने भी खुलकर राहुल गांधी को विपक्ष के नेता (एलओपी) बनाने की मांग की है. मणिकम टैगोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट कर लिखा, ÷मैंने अपने नेता राहुल गांधी के नाम पर वोट मांगे हैं. ऐसे में मेरा मानना है कि राहुल गांधी को लोकसभा में कांग्रेस का नेता होना चाहिए. मुझे उम्मीद है कि कांग्रेस के अन्य सांसद भी मेरे जैसा ही सोचते हैं. देखते हैं कि कांग्रेस संसदीय दल क्या फैसला लेता है. हम लोकतांत्रिक दल हैं. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने के लिए 10 त्न से अधिक सीटें होना जरूरी होता है. साल 2014 में कांग्रेस ने 44 तो 2019 में 52 सीटें जीतीं थी, लेकिन इस बार पार्टी के हिस्से में 99 सीटें आई है. ऐसे में राहुल गांधी के एलओपी बनने की सबसे ज्यादा संभावना है. लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के शानदार प्रदर्शन में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. गठबंधन में सीटों के मामले में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी भी है. हाल ही में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की शिवसेना के नेता संजय राउत तो ये भी कह चुके हैं कि अगर केंद्र में गठबंधन 'इंडिया' की सरकार बनती है और राहुल गांधी पीएम बनना चाहेंगे तो हम इसका विरोध नहीं करेंगे, लेकिन अब साफ हो गया है कि बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए की केंद्र में सरकार बनने जा रही है.

वाहन खाई में गिरा,सात की दर्दनाक मौत

नैनीताल,6 जून। सिसौना सितारगंज से गर्मियों की छुट्टी मनाने भदकोट जा रहे छह सदस्यीय परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। तीन भाइयों के सिर से मां-बाप का साया उठ गया। घायल तीनों बच्चों का एसटीएच में इलाज चल रहा है। मूलरूप से भदकोट निवासी महेश चंद्र परगाई (40) सिडकुल में नौकरी करते थे। वह सिसौना सितारगंज में छह सदस्यीय परिवार के साथ रहते थे। बच्चों के स्कूल की छुट्टी पड़ी तो उनकी पत्नी पार्वती (34) ने परिवार के साथ भदकोट जाने का प्लान बनाया। बुधवार को दपंती अपने चार बच्चों के साथ सितारगंज से बस से हल्द्वानी आए। यहां से मैक्स वाहन में बैठकर भदकोट के लिए रवाना हो गए। खनस्यू बाजार से आगे मैक्स खाई में गिर गई। इस हादसे में महेश चंद्र परगाई (40), पार्वती परगाई (34) और पुत्री कविता परगाई (10) की मौके पर ही मौत हो गई। उधर इनके तीन बेटे पंकज परगाई (12), मनोज परगाई (10) और लोकेश परगाई समेत सात घायल हो गए। देर रात सभी घायलों को सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पश्या गांव निवासी कृष्णा नंद कुड़ाई की बेटी की शादी 12 जून को है। वह बेटी के शादी का सामान लेने के लिए खनस्यू बाजार आए थे। कृष्णा नंद ने बताया कि वह बाजार से मैक्स वाहन में बैठे। गाड़ी जैसे ही दो किलोमीटर दूर पहुंची तो सीधी सड़क पर खाई में जा गिरी। बताया कि बाजार से उन्होंने 12 हजार रुपये का सामान खरीदा था। अब उन्हें बेटी की शादी की चिंता सता रही है कि बेटी की शादी तक वह ठीक हो पाएंगे या नहीं।

पुटपुड़ी निवासी कमला देवी (50) ने अपनी एक बेटी की शादी यहां कुंवरपुर गौलापार में की है। उसके पुत्री होने पर नामकरण संस्कार में शामिल होने के लिए कमला देवी अपनी छोटी बेटी ममता भट्ट (13) वर्ष के साथ सोमवार को गौलापार आई थी। मंगलवार को नामकरण संस्कार हुआ। बुधवार को ये लोग मैक्स वाहन में सवार होकर पुटपुड़ी जा रहे थे। हादसे में कमला देवी की बेटी ममता की मौत हो गई। कमला देवी बताती हैं कि उसकी बेटी ममता कह रही थी कि मां आज नहीं जाते हैं कल चलेंगे। अगर मैंने उसकी बात मान ली होती तो आज ममता जिंदा होती। घायलों को हल्द्वानी लाने की सूचना पर प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट हो गए। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी हल्द्वानी पहुंचे और उन्होंने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी को भी मौके पर बुला लिया। सुशीला तिवारी अस्पताल में सभी सात घायलों को लाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

तिहाड़ जेल में फिर चले चाकू, टिल्लू और गोगी गिरोह के बीच मारपीट

नईदिल्ली,6 जून। दिल्ली के तिहाड़ जेल में एक बार फिर कैदियों के बीच मारपीट की खबर सामने आई है। इस दौरान नुकीले सुआ और चाकू से हमले किए गए। घटना बुधवार दोपहर को घटी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने बताया कि मारपीट टिल्लू गिरोह के 2 कैदी गौरव और गुरिंदर ने शुरू की थी। उन्होंने गोगी गिरोह के सदस्य हितेश पर हमला कर दिया।दोनों ने हितेश को चाकू और सुआ से बुरी तरह घायल कर दिया।पुलिस अधिकारी ने बताया कि हितेश को डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारपीट के मामले में कैदियों की पहचान की जा रही है।मारपीट किस बात पर शुरू हुई, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे से जांच कर रही है और अन्य कैदियों से पूछताछ जारी है।पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर हरिनगर थाने में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।जानकारी के मुताबिक, हितेश उर्फ हैप्पी बवाना में 5 साल पहले हुई हत्या के मामले में जेल में है। उसके ऊपर पीएस बवाना नाम के व्यक्ति की हत्या का आरोप है।

दोगुने उत्साह के साथ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास गाथा लिखने में दूंगा योगदान: विजय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 6 जून। दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में नव निर्वाचित सांसद विजय बघेल का अभिनंदन समारोह जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। सांसद विजय बघेल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी टिकट एक को देती है लेकिन भावनाएं सबकी जुड़ी रहती है। दुर्ग लोकसभा एक उदाहरण है, जहां के कार्यकर्ता ने एकजुटता के साथ 44 डिग्री तापमान में भी अलख जगाकर इतिहास बनाया। विजय बघेल ने कहा कि भले नाम मेरा हो रहा है लेकिन काम कार्यकर्ताओं ने किया है। सबसे ज्यादा महिलाओं ने अपनी सभी जिम्मेदारियां को निभाते हुए काम किया है। दुर्ग के कार्यकर्ताओं ने दिन-रात की परवाह किए बिना तन मन धन से जो पार्टी की सेवा की है उसके लिए मैं सबका कृतज्ञ हूं। कार्यकर्ताओं ने निस्वार्थ भाव से पार्टी के लिए काम करके सभी नौ विधानसभा में जीत दिलाई है। पहले जब छत्तीसगढ़ में सरकार नहीं थी तब भी जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के दम पर रिकॉर्ड बना और आज जब सरकार में है तब भी रिकॉर्ड बना है। उन्होंने कहा कि दुर्ग लोकसभा के सम्मान को कभी ठेस नहीं पहुंचने दूंगा। दुर्ग की आवाज दिल्ली में उठाने में कोई कमी नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि मेरी सक्रियता को लेकर किसी के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है आज जनता ने सर्टिफिकेट दे दिया है। अब दोगुने ने उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के विकास की गाथा लिखने में अपना योगदान देंगे। दुर्ग जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि दुर्ग जिला संगठन के कार्यकर्ताओं ने जब-जब किसी संकल्प को हाथ में लिया है उसे पूरा करके दिखाया है चाहे विधानसभा का चुनाव हो या लोकसभा का चुनाव हो। दुर्ग संगठन जिला ने लोकसभा में सर्वाधिक लीड दिलाई है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि प्रदेश की राजनीति में दुर्ग जिला राजनीति का केंद्र बिंदु है। किसी भी निर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए फिर से चुनाव जीतना उसके सरल, सहज और सौम्य व्यक्तित्व का परिचायक है। संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक ने एवं आभार प्रदर्शन विधायक ललित चंद्राकर ने किया। उपस्थित प्रमुख नेताओं में नटवर ताम्रकार, विनायक नातू, श्रीमती अलका बाघमार, अरविंदर सिंह खुराना, अजय तिवारी, कांतिलाल बोथरा, राहुल गुलाटी, आशीष निमजे, अमिता बंजारे, रोहित साहू, दीपक चोपड़ा, नीलेश अग्रवाल, दिनेश देवांगन, अनूप सोनी, दिनेश देवांगन, राजा महोबिया, गौतम वैद्य निरंकारी, रजनीश श्रीवास्तव, जितेन्द्र सिंह राजपूत, शिव चंद्राकर, मदन वाढ़ई, सुनील अग्रवाल विजय ताम्रकार, लालेश्वर साहू, लोकमनी चंद्राकर, रोहित राजपूत, जीत यादव, दिव्या कलिहारी, विनायक ताम्रकार, साजन जोसफ, अशोक कंडरा सहित सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हर आंगन एक पेड़ अभियान संपूर्ण देश के लिए अति आवश्यक :बघेल

भिलाई, 6 जून। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर आज आर्टकॉम की अभियान हर आंगन एक पेड़ के तहत वृक्षारोपण एवं उसके संरक्षण हेतु सांसद विजय बघेल ने सभी को प्रण दिलाते हुए कहा कि आगामी बारिश आरंभ होने पर जैसे ही धरती नम होती है उसके पश्चात सघन वृक्षारोपण हम सभी को आरंभ करना है। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों में निशु पांडे, शारदा गुप्ता, रमेश श्रीवास्तव, अमिताभ भट्टाचार्य, भागचंद जैन, नीलकमल सोनी, अखिलेश वर्मा, हंसराज पटेल, रवि सिंह, हरिशंकर चतुर्वेदी, विनोद उपाध्याय, अंजय दुबे, संजय ओझा, प्रशांत, सुदीप अग्रवाल, सच्चिदानंद दुबे, बंटी नाहर, विजय गुप्ता, बलवीर सहगल, श्रीनिवास मिश्रा, संजय तिवारी, सुभाष शर्मा, सुनील शर्मा, डीपी साहु, अशोक कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

एक नजर

डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी इंटर एलुमनी टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट उद्घाटित

भिलाई, 6 जून। सेल भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में, डायरेक्ट इंचार्ज ट्रॉफी-2024 इंटर एलुमनी टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने 04 जून को संध्याकाल, सेक्टर-1 स्थित क्रिकेट ग्राउंड में हवा में गुब्बारे उड़ाकर इस टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन किया। सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि वर्ष 1997 में प्रारंभ हुआ यह टूर्नामेंट आप सभी को अपनी दिनचर्या से समय निकालकर खेल भावना का अभ्यास करने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। यह टूर्नामेंट आपसी सौहार्द एवं भाईचारे को बढ़ाने का भी एक सशक्त माध्यम है। डीआईसी इलेवन और ओए इलेवन टीमों के बीच एक प्रदर्शन मैच खेला गया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर भिलाई महिला समाज ने किया पौधारोपण

भिलाई, 6 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, भिलाई महिला समाज (बीएमएस) द्वारा 05 जून को सेक्टर-1 स्थित मसाला, साबुन और स्टेशनरी इकाई में भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भिलाई महिला समाज की उपाध्यक्ष श्रीमती नीरजा कुमारी सिंह, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती प्रणोति मुखोपाध्याय, महासचिव श्रीमती साधना गोयल, सह सचिव सोनाली रथ, कोषाध्यक्ष शिखा जैन तथा सह कोषाध्यक्ष दीपन्विता पाल सहित भिलाई महिला समाज की अन्य सहयोगी सदस्य भी उपस्थित थीं। इसके साथ ही श्रीमती रीता, श्रीमती पूनम, श्रीमती रुखसाना, श्रीमती नीलीमा, श्रीमती सुष्मिता, श्रीमती सपना और बीएमएस के विभिन्न क्लबों और इकाइयों के अन्य सदस्यों ने भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त सदस्यों ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आम, अमरूद, नीम, आंवला आदि विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया।

पेड़ पर लटकती लाश मिली



भिलाई, 6 जून। भिलाई जामुल थाना क्षेत्र एक ऑटो चालक की पेड़ पर लटकती लाश मिली सूचना मिलते ही जामुल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के मरच्युरी भेजा इधर मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है जामुल पुलिस ने बताया कि खेदामारा में एक पेड़ से लटकती युवक की लाश देखी गई है पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची इसके बाद शव की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की गई पूछताछ के दौरान युवक के घरवाले वहां पहुंचे उन्होंने उसकी पहचान खेदारमारा निवासी राकेश सिन्हा (36 वर्ष) के रुप में की पुलिस ने घटना स्थल से राकेश की बाइक को भी जब्त किया है उसके पास से किसी प्रकार का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है युवक की मौत फांसी लगाने से हुई या अन्य कारण से यह पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा राकेश के बड़े पिता छबिलाल सिन्हा ने बताया कि राकेश मंगलवार शाम को घर से निकला था, लेकिन रात तक घर वापस नहीं आया इसी दौरान सुबह 6 बजे उन्हें सूचना मिली की एक युवक का शव पेड़ से लटका है जब वे लोग वहां पहुंचे तो देखा कि राकेश फंदे से लटका है उसके पास ही उसकी बाइक खड़ी है। बाइक की हेडलाइट और इंडीकेटर टूटा है उनका कहना है कि यदि राकेश से बाइक गिरी होती तो वे मौके पर गिरी हुई होती उसे खड़ा किसने कर दिया है उन्होंने हत्या की आशंका जताई है। मृतक ऑटो चलाता था उसके दो बच्चे हैं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

40 हजार की ठगी

भिलाई, 6 जून। भिलाई डाक भेजने के नाम पर एनीडेस्क ऐप डाउनलोड करवाकर अज्ञात ने रिटायर्ड सीएसईबी कर्मी से 40 हजार की ठगी की है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि मकान नं. 132 ब्लाक 08 आर्चिड तालपुरी निवासी अजीत सिंह (63 वर्ष) सीएसईबी से सेवानिवृत्त हैं उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 8 नवंबर 2021 को अज्ञात ने प्रार्थी के मोबाइल नंबर पर काल कर डाक भेजने के नाम पर 15 रुपए ऑनलाइन भेजने का झांसा देकर एनीडेस्क ऐप डाउनलोड करवाकर उसके बैंक आफ बड़ोदा के खाता से दो किश्त में कुल 40000 रुपये निकाल कर धोखाधड़ी की रिपोर्ट पर पुलिस ने शिकायत दर्ज की है ।

ग्राहकों का पैसा लेकर युवक फरार

भिलाई, 6 जून। भिलाई ग्राहकों के पैसे बैंक में जमा न कर अपने साथ लेकर फरार होने वाले आरोपी को 4 साल बाद पकड़ने में मोहन नगर पुलिस को सफलता मिली है पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि आरोपी जयेश चौहान 29 वर्ष पिता श्याम चौहान निवासी मिलपारा दुर्ग जना स्मॉल फाइनेंस बैंक मोहन नगर में कैशियर के पद पर कार्यरत था ।

देवांश और श्रेयांश को बधाई देने वाला का तांता

साजा, 6 जून। साजा निवासी जनार्दन सिंह ठाकुर के बड़े पुत्र देवांश सिंह ठाकुर का चयन साफ्टवेयर इंजीनियर के रूप यू एस ए की एक कंपनी में हुआ। छोटे पुत्र श्रेयांश सिंह ठाकुर ने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण किया। उनके दादा श्री केजू सिंह ठाकुर , बड़े पापा जीवन ठाकुर रामकुमार ठाकुर संतोष ठाकुर ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है। साजा वासियों की तरफ से भी फोन पर बधाई दी जा रही है ।

पर्यावरण दिवस पर कोड़िया में पौधरोपण, गांव को हरा-भरा बनाने लिया संकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 6 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शौर्य युवा संगठन एवं पर्यावरण प्रेमी लतखोर निषाद के नेतृत्व में कोड़िया के मुक्तिधाम एवं गौठान में इमली, जामुन, आम सहित छायादार पौधों को रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।इस दौरान ग्राम सरपंच चंद्रभान सारथी, शौर्य संगठन के संरक्षक व पर्यावरण प्रेमी लतखोर निषाद, रोजगार सहायक किरण भारद्वाज, शिक्षक संदीप यादव, शौर्य युवा संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज, पर्यावरण संरक्षण व कुरीति उन्मूलन विभाग प्रभारी आनंद निषाद, मेहुल निषाद, मेट प्रमिला साहू, पुकेश्वर यादव, तृप्ति यादव, गंगाधर यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।पर्यावरण प्रेमी लतखोर निषाद ने विश्व पर्यावरण दिवस पर बधाई देते हुए कहा प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। आधुनिकता के दौर में लगातार प्रकृति का दोहन किया जा रहा है लेकिन उसके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता की कमी है। पर्यावरण संरक्षण कोई एक दिन की बात नहीं है इसे अपने जीवन का अभिन्न अंग मानते हुए व्यवहार में लाने की जरूरत है।रोजगार सहायक किरण भारद्वाज ने अधिकाधिक पौधरोपण की अपील करते हुए कहा लगातार पेड़ों की कटाई से गर्मी अनियंत्रित रूप से बढ़ रही है। इससे निजात पाने के लिए सभी संकल्पित होकर अपने घर, खेत खलिहान, घास भूमि या सड़क किनारे जहां भी खाली जगह मिले वहां ज्यादा से ज्यादा फलदार और छायादार पौधों का रोपण करेंशौर्य संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज ने पर्यावरण संरक्षण के लिए चिंता जाहिर करते हुए कहा लोगों का पर्यावरण के प्रति निष्क्रियता के वजह से पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई हैइस दौरान श्याम बाई पटेल, अमृत पटेल, खेदी यादव, सावित्री निषाद, पूर्णिमा निषाद, सरिता साहू, मीरा पटेल, रामहिंन साहू, बुधन्तिन निषाद, सरोज निषाद, अनेश्वरी यादव, भगैया बाई, कुमारी निषाद सहित शौर्य संगठन व पंचायत प्रतिनिधियों का सराहनीय योगदान रहा।

पौधारोपण

हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी में पौधारोपण

भिलाई, 6 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून बुधवार को हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ कंपनी के युवा डायरेक्टर एवं समाजसेवी इन्द्रजीत सिंह छोटू ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हैवी ट्रांसपोर्ट के बढ़ते कदम का जिक्र किया। इस अवसर पर इन्द्रजीत सिंह छोटू के साथ ही प्रभुनाथ मिश्रा, मलकीत सिंह लल्लू सहित अनेक लोगों ने पौधे लगाए और उसके संरक्षण का संकल्प लिए।

विश्व पर्यावरण दिवस पर वॉकथॉन और वृहद वृक्षारोपण का आयोजन

भिलाई, 6 जून। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने पर्यावरण सम्बन्धी विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के साथ 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। बीएसपी हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-08 में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में लगभग 400 पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी, मुख्य महाप्रबंधक डी एल मोइत्रा, मुख्य महाप्रबंधक जे वाय सपकाले, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक श्रीमती उमा कटोच, महाप्रबंधक विजय शर्मा, महाप्रबंधक एच शेखर, महाप्रबंधक (शिक्षा) श्रीमती शिखा दुबे, महाप्रबंधक विष्णु पाठक सहित उप महाप्रबंधक डॉ एन के जैन, ओए अध्यक्ष एन के बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह सहित नगर सेवाएं, पर्यावरण प्रबंधन एवं सीएसआर विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण, विश्वकर्मा पुरस्कार विजेता कार्मिक, एनसीसी कैडेट, बीएसपी स्कूलों के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सर्वप्रथम 5 जून प्रातःकाल 7 बजे बीएसपी कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित वॉकथॉन में भाग लिया, जिसे कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

निगम आयुक्त ने आपदा प्रबंधन के लिए किया बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन

भिलाई, 6 जून। आगामी बरसात के दिनो में अति वृष्टि होने पर नगर निगम भिलाई के निचली बस्तियों में पानी भरने की संभावना बनी रहती है। उसके बचाव के लिए नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने बाढ़ से बचाव हेतु आपदा प्रबंधन के लिए बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ दल एवं कंट्रोल रूम की व्यवस्था नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में स्थापित की है। अपर आयुक्त अशोक कुमार द्विवेदी इसके नोडल अधिकारी होगें। जिनके मार्गदर्शन में अधिकारी एवं कर्मचारी आपदा प्रबंधन का कार्य संपादित करेगे। आवश्यकतानुसार नगर निगम का कंट्रोल रूम में ऑपरेटर राजदीप वैष्णव मो.नं. 9039136979, मिलाप साहू मो.नं. 9111681708 सुबह 6 से 2 एवं उमेश कोरी मो.नं. 8839022648, दिलीप कुमार हुमने मो.नं. 8234018349 दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे तक, उमा शंकर मो.नं. 998190447, टूम्मन लाल मो.नं. 6266620379, युवराज साहू मो.नं. 9970337382 रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक जो 24 घंटे खुले रहेंगे अतिवृष्टि के दौरान कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का निराकरण संबंधितों द्वारा किया जायेगा। सभी अधिकारी कर्मचारी अपने कार्य में मुस्तैद रहेंगे। विशेष रूप से मुख्य कार्यालय कंट्रोल रूम प्रभारी, राजस्व अधिकारी श्रीनिवास पटेल एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, आपदा शिविर एवं राहत सामग्री, अधीक्षण अभियंता डी.के.वर्मा, आपदा पेयजल आपूर्ति संजय शर्मा अधीक्षण अभियंता, विद्युत व्यवस्था आ.एस.रापजूत कार्यपालन अभियंता, चिकित्सा दल धर्मेन्द मिश्रा, नेहरू नगर बाढ़ नियंत्रण दल जोन आयुक्त रवि सिन्हा, जोन 2 सुश्री येशा लहरे जोन आयुक्त, जोन 03 अमिताभ शर्मा जोन आयुक्त, जोन-4 एवं 5 सुशील कुमार चौधरी जोन आयुक्त, बाढ़ नियंत्रण कक्ष प्रभारी अर्पित बंजारे उपअभियंता, स्वास्थ्य शिविर व्यवस्था, के.के.सिंह वरिष्ठ स्वास्थ्य निरीक्षक, प्रचार-प्रसार अजय शुक्ला जनसम्पर्क अधिकारी इन सभी अधिकारियों के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी सहयोग के लिए निरंतर तत्पर रहेंगे।

हरित वातावरण के लिए निगम क्षेत्र में लगाये गये पौधे

भिलाई, 6 जून। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया गया। नगर निगम भिलाई के विभिन्न स्थानों पर वृक्ष लगाने गड्ढे किये गये हैं। जैसे मानसून की पहली बारिश शुरू होगी सघन वृक्षारोपण शुरू हो जायेगा। जिसमें प्रियदर्शिनी परिसर जोन-1, जोन-2 ट्रेंचिंग ग्राउण्ड, ढ़ौर तालाब इत्यादि जगहों पर वृक्षारोपण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से नगर निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल, एम.आई.सी. सदस्य संदीप निरंकारी, केशव चौबे, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षदगण, निगम के कार्यपालन अभियंता आर.एस.राजपूत, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महापौर नीरज पाल ने सब से अपील की है कि पेड़ पौधे लगाकर हम बढ़ती गर्मी पर्यावरण के असंतुलन को दुर कर सकते हैं। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में हम लोग बड़े पौधे लगा रहे हैं जो एक वर्ष के अंदर वृक्ष का रूप ले लेगा। हम सब यह भी प्रयास कर रहे हैं कि जो भी पेड़ लगे वो पुरी तरह सुरक्षित रहे और नागरिको से भी यही अपील है सब आगे आएं और वृक्ष लगाएं। नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर कुसुम कानन नर्सरी में निःशुल्क पौधे उपलब्ध हैं जिसमें करंज, नीम, गुलमोहर, मुनगा, पीपल, बरगद, आम इत्यादि सभी प्रकार के पौधे हैं। समय पर जाकर आप अपनी इच्छानुसार पौधा ले करके लगा सकते हैं। वहीं पर उद्यान अधिकारी के नाम पर एक आवेदन देना है उसी में कितना पौधा चाहिए लिख देना है वही पर आपको पौधा मिल जायेगा। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी से आह्वान किया है कि पौधा निगम उपलब्ध करायेगा। आप अपने बुजुर्गों के नाम से, बच्चों के नाम से पौधे लगाएं और उसे बचाएं। एक यादगार निशानी होगा, पर्यावरण मित्र बालू राम वर्मा ने बताया कि स्कंध पुराण के अनुसार एक वृक्ष लगाना 100 पुत्रों के समान है। बहुत ही नेक और पवित्र कार्य है।

जनता ने एक बार फिर भाजपा की विकास नीति और पीएम मोदी पर जताया विश्वास:भावना बोहरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 6 जून। लोकसभा चुनाव के परिणाम के साथ ही देश में एनडीए गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिला है। वहीं दूसरी तरफ भाजपा इस चुनाव में 240 सीटों पर जीत दर्ज कर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए अरुणाचल प्रदेश और उड़ीसा में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है।इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने जो जनाधार दिया है उसमें एक बार पुनः एनडीए गठबंधन पर उन्होंने विश्वास जताया है। एनडीए गठबंधन की यह बड़ी जीत जनता के विश्वास और 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों का परिणाम है। जनता के इस जनादेश से एकतीसरी बार देश में फिर से मोदी सरकार जरुर बनेगी और एनडीए ने देश के विकास एवं जनहित की आकाँक्षाओं को पूरा करने के साथ ही विकसित भारत के लक्ष्य को जरुर पूरा करेगी।भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने भी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 11 में से 10 सीटों पर बड़ी जीत दर्ज की है जिसके लिए मैं प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त करती हूँ। पिछले छः महीनों में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने अपने वादों को पूरा करते हुए प्रदेश के विकास एवं जनता के लिए जनहितैषी योजनाएं चलाई हैं जनता ने उसके प्रति अपना विश्वास जताते हुए छत्तीसगढ़ में भाजपा को लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत दिलाई है। विधानसभा चुनाव की बात करें तो अरुणाचल प्रदेश में भी पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनने जा रही है वहीं उड़ीसा की जनता ने भी भाजपा की विकास नीति, ऐतिहासिक निर्णयों के प्रति भाजपा पर विश्वास जताते हुए ऐतिहासिक जीत दिलाई है। यह सभी पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की नीतियों एवं देश के विकास के साथ ही अन्त्योदय के लक्ष्य के साथ भाजपा सरकार के कार्यों पर जनता का विश्वास है। हमारे राजनांदगांव लोकसभा में भी जनता ने एक बार पुनः भाजपा के प्रति अपने दृढ़ विश्वास से एक बड़ी व महत्वपूर्ण जीत दर्ज करने में पूर्ण सहयोग दिया है जिसके लिए मैं राजनांदगांव लोकसभा की जनता का भी आभार व्यक्त करती हूँ। राजनांदगांव लोकसभा सहित छत्तीसगढ़ में जनता ने अपने जनादेश से स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेशवासी सुशासन और विकास चाहते हैं।भावना बोहरा ने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव में एनडीए की यह ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की नीतियों पर जनता-जनार्दन के अटल विश्वास की जीत है। विकसित भारत के ध्येय के साथ देश के विकास के लिए हम प्रतिबद्ध हैं और लगातार तीसरे कार्यकाल में हमारा देश मोदी जी के नेतृत्व में नए आयाम प्राप्त करेगा। सेवा, सुशासन और विकास का संकल्प लेकर %अंत्योदय% का हमारा प्रण, देश की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सशक्त करने के साथ उनके आत्मविश्वास को नए पंख देगा। इस चुनाव में देश की जनता ने जातिवाद, परिवारवाद व तुष्टिकरण को नकार कर विकासवाद और राष्ट्रवाद को चुना है। यह विजय भारत के जन-जन की विजय है, जिसके लिए मैं समस्त देशवासियों और और खासकर छत्तीसगढ़ की जनता का आभार व्यक्त करती हूँ।

जल ही जीवन है

निधन

दीप शिखा

भिलाई, 6 जून। केला बाड़ी दुर्ग निवासी बी.पी.पाल की छोटी बहन वकील श्रीमती दीप शिखा पति राजेश ठाकुर जिनका आकस्मिक निधन 5 जून को हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा 6 जून को उनके निवास स्थान कुरूद रोड कोहका से दोपहर 1:30 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान किया।

एक नजर

डोंगरगढ़ पुलिस ने एक और गुम युवती को खोज कर परिजनों से मिलाया

डोंगरगढ़ ,6 जून (तरुण छत्तीसगढ़)। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग, अति0पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शुक्ला एवं एसडीआपी महोदय डोंगरगढ़ श्री

आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान प्रकरण के निकाल हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा द्वारा अभियान चलाकर लगातार गुम इंसानों का पता तलाश कर दस्तयाब किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुम इंसान क्र0- 67/2024 के युवती उम्र- 19 वर्ष जो दिनांक- 02.06.2024 को घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई थी जिसको आज दिनांक- 04.062024 को सकुशल बरामद कर दस्तयाब किया गया है। गुमशुदा लड़की से पुछताछ करने पर अपने साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होना नहीं बताने पर गुमशुदा को उनके परिजनों को सुपुर्दनामे में दिया गया।

पर्यावरण दिवस पर बेटी बचाओ मंच ने किया पौधा रोपण

रायपुर। बेटी बचाओ मंच टिकरापारा के पदाधिकारियो ने पर्यावरण दिवस पर टिकरापारा स्थित गार्डन में फूलों के खूबसूरत पौधों का रोपण किया। उक्त अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने पर्यावरण की दृष्टि से पौधों की आवश्यकता तथा

ऑक्सीजन के जीवनदायनी के रूप में उपयोगिता को प्रतिपादित किया। उक्त अवसर पर मंच पदाधिकारी अंजली यदु, किरण कर्स, रुपा यदु, आशा धीवर, सुप्रिया धुवारे,नीतू साहू, उषा यादव, वर्षा कार्तिकेय, रीना ठाकुर, संगीता गुप्ता सहित पदाधिकारी शामिल थे।

बुखार से पीड़ित वाहन चालक की मौत

कोरबा। नौतपा में भीषण गर्मी के बीच काम कर लौटते ही वाहन चालक की तबीयत बिगड़ गई। उसे तेज बुखार के साथ हाथ पैर में दर्द होने लगा। उसकी सेहत में सुधार नहीं होने पर स्वजनों ने इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल दाखिल कराया, जहां आईसीयू में चार दिन तक चले इलाज के बाद भी उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

जन प्रतिनिधियों, समाज सेवियों तथा अधिकारियों ने लगाये पौधे

राजनांदगांव 6 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

पर्यावरण संरक्षण के लिये प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा शहर में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है, जिसका शुभारंभ आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों में जन प्रतिनिधियों, समाज सेवियों तथा अधिकारियों ने पौध रोपण कर किया। वृक्षारोपण के तहत महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु एवं पार्षदों ने रानी सागर स्थित शनिधाम के पास तथा जिलाधीश श्री संजय अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह व निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने कलेक्ट्रेड पसिर के अलावा समाज सेवियों ने नया बस स्टैण्ड, जेल रोड में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाये। वृक्षारोपण के तहत तीनों स्थानों में कदम, जामुन, बदाम, नीम,शिशम, करंज,गुलमोहर, आम, कुशुस,मिलिनटोनिया, कवासा, अर्जुन प्रजाति के लगभग 130 पौधे लगाये गये। वृक्षारोपण अवसर पर महापौर श्रीमती देशमुख ने उपस्थितजनों को पौध रोपड करने अपील करते हुये कहा कि आज विश्व में सबसे बड़ी समस्या पर्यावरण बचाने की है। आज के इस घनी आबादी वाले युग में नगर बसाने पेड पौधे बेरहमी के काटे जा रहे है और लगाये नहीं जा रहे है, जिसका परिणाम यह हो रहा है कि पर्यावरण का संतुलन बिगड गया है, जिससे कम वर्षा हो रही है। इसे ध्यान में रखते हुये हम सब को पेड लगाना है। इसके लिये आज हम सब संकल्प ले कि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर एवं आस पास खुले स्थानों पर पौधरोपण करेंगे एवं उसकी रक्षा करेंगे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कलेक्ट्रेड परिसर में कहा कि हमे पौधरोपण करने तक ही सीमित नही रहना है, बल्कि पौधों को संरक्षित करने की जिम्मेदारी भी लेनी है और प्रतिदिन पौधों में पानी देना है। उन्होंने कहा कि बागवानी में रूचि लेने वाले एक समूह बनाये और इस उद्यान को सुंदर एवं हरा भरा बनाये। जिला पंचायत सी.ई.ओ. सुश्री सुरूचि सिंह ने भी पर्यावरण संरक्षक के लिये पौधरोपण करने की अपील की, उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों में पौधरोपण कर उसे सिंचित करे ताकि वृक्ष का रूप ले सके। जल संरक्षण के लिये सोख्ता गड्ढा बनाये। निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज शहर में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत आज अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों के द्वारा विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किये जा रहे है। वर्षा ऋतु में शहर के विभिन्न स्थानों में भी वृक्षारोपण किया जायेगा। पूर्व में निगम द्वारा शहर में 4-5 वर्षो से वृक्षारोपण के तहत विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे गये जिनमें से लगभग 75 प्रतिशत पौधे जीवित है और वृक्ष का रूप ले लिये है। उन्होने सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिये आज के इस पावन अवसर पर पौधे लगाने संकल्प लेने की अपील की। निगम द्वारा विभिन्न स्थानों में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में बडी संख्या में उपस्थिति होकर अधिकारी कर्मचारी, जन प्रतिनिधि, समाजसेवियों ने पौधरोपण किये।

ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय मनाया गया पर्यावरण दिवस

नगरी,6 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

5 जून 2024 विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी में पर्यावरण दिवस का महोत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सिहावा विधानसभा क्षेत्र की विधायिका श्रीमती अंबिका मरकाम,उप वनमंडलाधिकारी जितेंद्र साहू, एवं राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ब्रह्माकुमारी मुलेश्वरी बहन के द्वारा संस्था के परिसर में उपयोगी पौधे रोपे गए उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में संस्था के भाई बहन उपस्थित हुए। तत्पश्चात ब्रह्माकुमारी राजऋषि भवन नगरी में विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से श्रीमती अंबिका मरकाम,जितेंद्र साहू, भानेंद्र ठाकुर जी (उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी), श्रीमती तामेश्वरी साहू जी (सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी), श्रीमती दुर्गेश नंदिनी साहू जी (प्रदेश सचिव साहू समाज) सहित नगर के गणमान्य नागरिक तथा संस्था के भाई-बहन उपस्थित रहे। परंपरा अनुसार सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुभारंभ परमपिता परमात्मा की याद में दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात् सभी अतिथियों का ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा स्वागत सत्कार किया गया साथ ही ईश्वरीय भेंट प्रदान की गई। इस मौके पर बच्चों के द्वारा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात पर्यावरण

सुरक्षा को लेकर श्रीमती अंबिका मरकाम ने कहा हम सब प्रकृति के पुजारी हैं प्रकृति हमें वह सारी चीजें प्रदान करती है जिसकी हमें आवश्यकता होती है हमारे पूर्वजों ने हमारे लिए जंगल को बचा के रखा था परंतु आज हम अपनी आवश्यकता के वशीभूत होकर संसाधनों का अत्यधिक उपयोग कर जंगलों की अंधाधुंध कटाई करते चले जा रहे हैं जिससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है ऐसे समय में हमें घर-घर पेड़ पौधे लगाने होंगे और जो पौधे लगे हैं उनकी सुरक्षा करना होगा। इसी तारतम्य में उपवन मंडलाधिकारी जितेंद्र साहू ने ब्रह्मकुमारी बहनों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हम एक दूसरे को पर्यावरण की बधाई व शुभकामनाएं देते हैं क्या हम सचमुच में बधाई के पात्र हैं क्या हम पर्यावरण के लिए ऐसा कार्य कर रहे हैं उन्होंने कहा की एक शोध में यह कहा गया है कि आज हम जिस गति से अपने संसाधनों का उपभोग कर रहे हैं उसके लिए यह पृथ्वी काफी नहीं है हमें एक और पृथ्वी की आवश्यकता है उन्होंने कहा हम इस स्तर पर पहुंच गए हैं की पर्यावरण सुरक्षा हमारे लिए एक चुनौती बन गया है हम सबको मिलकर इस पर्यावरण के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। उद्बोधन की कड़ी में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने सभा को संबोधित करते हुए सभी को पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि हम प्रकृति को माता मानते हैं जिस प्रकार मां अपने बच्चों का पालन पोषण करती है किसी भी चीज की कमी होने नहीं देती ठीक उसी प्रकार प्रकृति प्रकृति मां भी हमको हमारी आवश्यकताओं की हर एक चीज प्रदान करती है पर हम बच्चों का भी यह दायित्व होता है कि हम प्रकृति मां का ठीक उसी तरह तरह ख्याल रखें । प्रकृति माता द्वारा प्रदत्त वस्तुओं का सही उपयोग व उचित देखभाल करके एक सच्चा सपूत होने का सबूत देना है। अध्यात्म तथा प्रकृति का एक गहरा कनेक्शन है पेड़ पौधों को देवी देवताओं तुल्य पूजनीय माना गया है ताकि हम पेड़ पौधों के प्रति हमारी श्रद्धा रहे उचित देखभाल तथा संरक्षण कर सकें । तुलसी, पीपल के समान पौधों को हम अपने घर आंगन में लगाते हैं जो हमें निरंतर आक्सीजन प्रदान करते रहते हैं तथा वातावरण को शुद्ध व स्वच्छ बनाते है वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण की नितांत आवश्यकता है।

सभी पौधे लगाने साथ ही संरक्षण की भी जिम्मेदारी लें: कलेक्टर

राजनांदगांव 6मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह एवं अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पौधरोपण किया। कलेक्टर ने जामुन, नीम जैसे पौधे कलेक्टोरेट परिसर में रोपित किए। उन्होंने कहा कि सभी पौधरोपण करने के साथ ही पौधों को संरक्षित करने की भी जिम्मेदारी लें और प्रतिदिन पौधों में पानी दें। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जिन्हें बागवानी में रूचि है, ऐसे लोगों का एक समूह बनायें और कलेक्टोरेट के गार्डन को और खुबसूरत और अच्छा बनायें। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था ग्राम बरगा में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने वहां लगाए गए अमरूद, चीकू, आम, बेर, पपीता, केला एवं अन्य पौधों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण केन्द्र में समूह की महिलाओं एवं अन्य लोगों को विभिन्न गतिविधियों से संबंधित अच्छा प्रशिक्षण दें। इस दौरान वे स्वरोजगार के लिए किए जा रहे अपने अनुभवों एवं गतिवधियों को भी साझा करें, जिससे दूसरों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुनगा के पौधे जरूर लगाएं। उन्होंने डबरी में मछली पालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इस दौरान मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। कलेक्टर इस दौरान महिलाओं से रूबरू हुए और उन्हें जल संरक्षण तथा पौधरोपण के लिए प्रोत्साहित किया तथा उनकी समस्याएं भी सुनी। उन्होंने कहा कि डबरी निर्माण जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्य है। जमीन में मिट्टी बनी रहे, इसके लिए पौधरोपण जरूरी है। डबरी से जल संरक्षण होने पर पौधों को पानी मिलेगा और भू-जल का स्तर भी बढ़ेगा। उन्होंने महिलाओं से कहा कि छायादार एवं फलदार पौधे लगाएं। इसके लिए राशि भी प्रदान की जाएगी। कोशिश करने से सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जल संरक्षण के लिए जिले में लगातार प्रयास किया जा रहा है। धान के बदले ऐसी फसल लेना चाहिए जिसमें कम पानी की आवश्यकता होती है। मनरेगा अंतर्गत आप सभी को न केवल रोजगार मिला है, बल्कि गांव की बेहतरी के लिए आप सभी कार्य कर रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि छतों में जल के संरक्षण के लिए व्यवस्था करें तथा सोख्ता गड्ढा भी बनवाएं। जिससे भू-जल में बढ़ोत्तरी होगी। महिलाओं से कहा कि मनरेगा के अंतर्गत डबरी निर्माण के माध्यम से आप सभी को रोजगार मिला है। इसके साथ ही जल संरक्षण के लिए भी कार्य किया जा रहा है। जिसका फायदा सभी ग्रामवासियों को आगे मिलेगा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, उप संचालक पंचायत श्री देवेन्द्र कौशिक, मनरेगा के श्री फैज मेनन एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था बरगा के प्रशिक्षण अधिकारी श्री रणजीत सिंह एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अम्बेडकर अस्पताल में किया गया पौधारोपण

रायपुर, 6 जून। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर परिसर एवं उद्यान में पौधारोपण किया गया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस. बी. एस. नेताम एवं रेडियोलॉजी विभाग के प्रो. डॉ. विवेक पात्रे के मार्गदर्शन में चिकित्सालय के कर्मचारियों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को बारिश के मौसम में परिसर की हरियाली को बरकरार रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने को कहा गया। पौधा रोपण के क्रम में चिकित्सालय के अंदर एवं प्रवेश द्वार पर कुछ गमलों में पौधा रोपण किया गया है जिसकी सभी ने सराहना की। इस अवसर पर चिकित्सा छात्र एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

छात्रों ने सीखे आकस्मिक हृदयाघात की स्थिति में मरीज की जीवन रक्षा के तरीके

रायपुर. 6 जून। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में बेसिक लाईफ सपोर्ट की 15वीं कार्यशाला का आयोजन मेडिकल कॉलेज के चौथी मंजिल स्थित स्किल लैब में किया जा रहा है। चिकित्सा महाविद्यालय के एनेस्थेसिया एवं पेन मैनेजमेंट विभाग द्वारा आयोजित किये जा रहे कार्यशाला के पहले दिन शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय से 34 पी. जी. रेजिडेंट डॉक्टर सम्मिलित हुए। इस कार्यशाला में आकस्मिक हृदयघात में मरीज की जीवनरक्षा के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को बेसिक लाईफ सपोर्ट के बारे में पढ़ाया गया एवं मैनिकिन (मनुष्य का कृत्रिम पुतला या मॉडल) के माध्यम से प्रायोगिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के पश्चात् सभी छात्रों से हैंड्स ऑन प्रैक्टिस कराया गया। कार्यशाला के संबंध में जानकारी देते हुए कोर्स की संचालक एवं को-ऑर्डिनेटर डॉ. प्रतिभा जैन शाह ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य तक जीवनदायी बेसिक लाईफ सपोर्ट स्किल को पहुंचाना है। ताकि कार्डियक अरेस्ट जैसी आपात स्थिति में ज्यादा से ज्यादा जीवन रक्षा हो सके। इस कार्यशाला के कोर्स इंस्ट्रक्टर डॉ. प्रतिभा जैन शाह, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. शिवम पटेल एवं डॉ. अनिषा नागरिया हैं। वहीं गुजरात से विशेष रूप से प्रशिक्षण देने के लिए डॉ. जनक खम्बोल्झा एवं डॉ. पल्टियाल पैलेट आए हुए हैं। विदित हो कि एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट और बेसिक लाइफ सपोर्ट अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन से प्रमाणित ऐसी तकनीक है जिसका इस्तेमाल कार्डियक अरेस्ट के दौरान जान बचाने में किया जाता है। उचित प्रशिक्षण के साथ, ये तकनीक हृदय संबंधी आपात स्थितियों के लिए प्रभावी प्राथमिक प्रतिक्रियाएँ हैं जिनकी मदद से किसी व्यक्ति की जीवन-रक्षा की जा सकती है। शुक्रवार को इस कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन दोपहर एक बजे आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. के. पात्रा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा।

भू-जल हमारे खाते में जमा पैसे की तरह, अगर खर्च करते रहे और जमा नहीं किया तो जल्द हो जाएगा खत्म : कलेक्टर

अमृत सरोवर तालाब स्थल पर मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

राजनांदगांव 6 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल द्वारा जिले के जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत आरला स्थित अमृत सरोवर का निरीक्षण कर ग्रामवासियों के साथ पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण में सम्मिलित हुए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल को ग्राम पंचायत में पानी की समस्या के संबंध में अवगत कराया गया। जिस पर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने उपस्थित ग्रामवासियों को उदाहरण देते हुए समझाया कि जैसे हमारे खाते में जो राशि उपलब्ध है, उसे हम निरंतर खर्च करते रहेंगे और खाते में कोई नई राशि जमा नहीं करेंगे तो धीरे-धीरे खाते में राशि खत्म हो जायेगी एवं खाता खाली हो जायेगा। उसी प्रकार हमारी धरती के अंदर जो जल के स्त्रोत जमा हैं, वो हमारे खाते के पैसे की तरह हैं और आज हम उसे लगातार खाली कर रहे हैं। यदि नया जल धरती में जमा नहीं किया जायेगा तो आज नहीं तो कल यह जल खत्म हो जायेगा। सेंण्ट्रल ग्राऊंड वाटर बोर्ड की एक रिपोर्ट

अनुसार राजनांदगांव जिले के 3 विकासखण्ड जल स्तर के क्षेत्र में सेमी क्रिटीकल जोन अर्थात भू-जल के स्तर में कमी के क्षेत्र में आ चुके हैं, जिसके लिए हमें निरंतर भू-जल का उपयोग किया जाना है। आज हम सभी किसान परिवार धान की खेती के लिए निरंतर भू-जल का उपयोग कर रहे है, जो कि हमारे कल के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। हम सभी किसानों को मिलजुल कर यह प्रयास करना चाहिए कि ऐसी फसलों को चुने जिसमें पानी की कम से कम मात्रा का उपयोग हो तथा आय अधिक से अधिक हो सके। अर्थात धान के बदले अन्य फसलों पर विचार किया जाना अनिवार्य हो गया है। जिस पर ग्रामीणों ने उनकी बातों पर अपनी सहमति व्यक्त करते हुए आने वाले समय में सिंचाई के लिए बोर के उपयोग में कमी लाने का निर्णय लिया। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा जिले में चल रहे मिशन जल रक्षा अंतर्गत वर्षा जल का संरक्षण भू-जल संवर्धण एवं वृक्षारोपण की कार्ययोजना के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की गई तथा जिले में निरंतर चल रहे जल संरक्षण, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी विषय पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों को क्षेत्र में भू-जल संवर्धन हेतु निर्माण किये जा रहे मिनी परकोलेशन टैंक, स्टेग्रड ट्रैण्च, डबरी, तालाब, रिचार्ज साफ्ट, इंजेक्शन वैल से होने वाले रिचार्ज के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन तथा स्वच्छता के कार्यो को अभियान के रूप में लेने की अपील की तथा ग्राम पंचायत आरला के भू-जल संवर्धन हेतु तैयार किये गये नक्शे का विस्तृत विवरण देते हुए कार्यो में भाग लेने हेतु ग्रामीणें से अनुरोध किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मनरेगा अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवसः बुजुर्गों और बच्चों ने किया पौधारोपण

रायपुर,6 जून (तरुण छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय नवा रायपुर में बैंक के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार अरोरा की अध्यक्षता में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया । इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा एक नयी पहल करते हुए बैंक के सेवायुक्तों के बुजुर्ग माता पिता एवं बच्चों के माध्यम से वृक्षारोपण करवाया गया एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके जुडाव का सन्देश दिया गया । बैंक के अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि ÷पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है एवं प्रत्येक नागरिक को इसे संरक्षित करने का अधिकतम प्रयास करना चाहिए । कार्यक्रम के दौरान नीम, अशोक, कदम के विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए बैंक के सभी सेवायुक्तों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों की देखभाल, समय-समय पर पानी देने तथा उनकी निगरानी करने की की शपथ ली गई । यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि इससे समाज के विभिन्न आयु वर्गों के बीच एकता और सहयोग की भावना भी मजबूत हुई। ग्रामीण बैंक का यह प्रयास निश्चित रूप से एक प्रेरणादायक कदम है, जो आने वाले समय में अन्य संस्थाओं को भी इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक एवं अन्य सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें ।

यातायात विभाग ने शहर में नो पार्किंग पर खड़े 34 वाहन चालकों पर कार्रवाई की

राजनांदगांव ,6 जून (तरुण छत्तीसगढ़)। आज दिनांक 05.06.2024 को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक

श्री अजय कुमार खेस, श्री नवरतन कश्यप सउनि श्री येनलाल चन्द्राकर, कुंजलाल साहू, कमल किशोर श्रीवास्तव, थानेश्वर प्रसाद बांधव, शरद मसीह एवं यातायात टीम द्वारा शहर के जय स्तंभ चौक, मानव मंदिर, फौव्वारा चौक तक पेट्रोलिंग कर नो पार्किंग में खड़े कुल 34 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 10200 रूपये जुर्माना वसूला गया। यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। यातायात पुलिस की आम जन से अपील है कि अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्किंग करें। यातायात व्यवस्था बनाये रखने यातायात पुलिस का सहयोग करें, यातायात नियमों का पालन करे एवं असुविधा से बचे।

ग्रामों एवं ग्राम पंचायतों में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

राजनांदगांव ,6 जून (तरुण छत्तीसगढ़)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम एवं ग्राम पंचायत में उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ त्यौहार के रूप में ग्रामीणों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। व्यापक तौर पर पर्यावरण के प्रति सजगता एवं जागरूकता

एक उपलब्धि रही। पर्यावरण के प्रति ग्रामीण सामुदायिक सहभागिता स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों के सहयोग से विभिन्न जनकल्याणकारी कार्य किए गए। ग्राम स्तर पर बैठक आयोजित कर पर्यावरण दिवस पर समुदाय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्ययोजना तैयार की गई। जिसमें तालाबों की सफाई की गई। वृक्षारोपण के स्थान का चयन कर पौधरोपण की तैयारी की गई। स्वच्छता समिति के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। ग्राम स्तर पर रैली और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ठोस कचरा प्रबंधन हेतु ग्राम स्तर पर सेग्रीगेशन शेड के माध्यम से पृथक्करण करने के संबंध में चर्चा की गई। पर्यावरण को बचाने एवं गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने हेतु सभी ग्रामीणों द्वारा शपथ ली गईं।

पदक विजेता खिलाड़ियों का किया गया सम्मान

कोरबा, 6 जून। छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के तत्त्वधान में सी एम ए लिकबक्सिंग एकेडमी में दिनाक 3 जून 2024 को में गत 11वी राज्य स्तरीय किकबाक्सिंग प्रतियोगिता कोरबा, रायपुर एवं पुणे में आयोजित राष्ट्रीय किकबाक्सिंग स्पर्धा के पदक प्राप्त खिलाडियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ किकबाकसिंग एसोसिएशन के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने बताया कि उक्त सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री मा. श्री लखन देवांगन देवांगन जी ने सभी खिलाडियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इन्होंने एकेडमी के प्रशिक्षकों एवं खिलाडियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर राज्य को देश में सेकंड रनर अप ट्राफी जितने पर बधाई दी। इन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत के निर्माण में सभी आयामों के साथ साथ खेल और खिलाडियों की भी अहम भूमिका है। किकबाक्सिंग खेल से मनोबल बढ़ता है और इस खेल के विकास के लिए वे हर संभव सहयोग करते रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी एवं क्रीड़ा भारती के संयोजक बलाराम विश्वकर्मा ने भी खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

घर से आलमारी ही उठाकर ले गये चोर

कोरबा, 6 जून। कोरबा के पसान क्षेत्र में एक मिठाई व्यवसायी के घर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। चोरों ने मिठाई व्यवसायी के घर से अलमारी को उठाकर अपने साथ ले गए और दूर ले जाकर उसे तोड़कर उसमें रखे नगदी रकम तथा सोने चांदी के जेवरात रखे हुए जेवरातों की चोरी कर ली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पसान थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पसान क्षेत्र में रहने वाले मिठाई व्यवसायी गौरव गुप्ता मंगलवार देर रात खाना खाने के बाद पति-पत्नी बच्चे समेत उसकी बहन कमरे में सभी सोने चले गए। बुधवार सुबह उठकर देखा तो उनके एक कमरे का ताला टूटा हुआ था जिसमें रखी एक आलमारी गायब थी जिसमें लगभग साढ़े तीन लाख रूपये नगद तथा सोने-चांदी के जेवरात रखे हुए थे। व्यवसायी अपनी बहन की शादी की तैयारी में जुटा हुआ था, जिसके लिए वह सोना-चांदी की जेवरात खरीद कर रखा हुआ था। आस-पास देखने पर पता चला कि उनके घर से चोरी हुई आलमारी घर से ही कुछ दूरी पर पड़ी हुई है तथा उसमें रखे सोने चांदी के जेवर तथा नगदी गायब थे। जिसके बाद व्यवसायी ने इसकी सूचना थाने में दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस डॉग स्कॉड के साथ मौके पर पहुंची, लेकिन कुछ खास सुराग हाथ नहीं लग सका। एफ एसएल की टीम भी मौके पर पहुंची और कुछ साक्ष्य जुटाया। अज्ञात चोर के खिलाफमामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

संपादकीय

काबिलियत का एक पैमाना है जीत भी...

किसी की योग्यता को नापने के कई पैमाने हो सकते हैं। किसी नेता की योग्यता को नापने का एक ही पैमाना होता है चुनाव में जीत हासिल करना। अगर पार्टी ने चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया है और वह चुनाव जीतकर दिखा देता है, वह काबिल माना जाता है। कहा जाता है कि जो जीता वही सिंकंदर, अब यह भी कहा जाता है कि जो जीता वही काबिल है। इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा व कांग्रेस नेताओं को लोकसभा चुनाव जीतने का लक्ष्य दिया गया था। कुछ लोगों को चुनाव जीतने का लक्ष्य दिया गया था और कुछ लोगों को पार्टी के प्रत्याशियों को जिताने का लक्ष्य दिया गया था।11 लोग भाजपा की तरफ से प्रत्याशी बनाए गए थे और 11 लोग कांग्रेस की तरफ से प्रत्याशी बनाए गए थे। भाजपा के 11 में से 10 जीते और कांग्रेस के 11में से एक जीती। भाजपा के दुर्ग से विजय बघेल चार लाख से ज्यादा,राजनांदगांव संतोष पांडे 44 हजार से ज्यादा,महासमुंद रूपकुमारी चौधरी 1,45 लाख से ज्यादा,जांजगीर चांपा कमलेश जांगड़े 60 हजार मतों से,सरगुजा चिंतामणि महाराज 64 हजार से ज्यादा,बिलासपुर तोखन साहू 1.64 लाख से ज्यादा, रायगढ़ से राधेश्याम राठिया 2,40 लाख से ज्यादा,बस्तर से महेश कश्यप 55 हजार से ज्यादा,कांकेर भोजराज नाग 1884 मतो से विजयी रहे हैं।यह सब जीते हैं, इसलिए लायक है कि उनको जो काम दिया गया था,वह इसमें सफल रहे। सीएम साय व मंत्रियों को इनको जिताने का काम सौंपा गया था इसलिए सीएम साय व उनके मंत्री भी काबिल माने जाएंगे क्योंकि वह अपने 11 प्रत्याशियों में 10को जितानें सफल रहे हैं। साय व मंत्रियों ने पार्टी को चुनाव मे जिताकर अपनी काबिलियक साबित की है। वही कांग्रेस नेता राजेंद्र साहू, भूपेश बघेल, ताम्रधवज साहू, शिवकुमार डहरिया,शशि सिंह,देवेंद्र यादव, मेनका देवी सिंह, कवासी लखमा,बीरेश ठाकुर चुनाव हार गए है, अपनी काबिलियत साबित नहीं कर पाए। कांग्रेस से सिर्फ ज्योत्सनाम मंहत ही कोरबा से जीती है। इस तरह भाजपा ने तो 11 में 10 सीटें जीतकर अपनी काबिलियत का झंडा गाड़ दिया है लेकिन कांग्रेस काबिलियत का झंडा गाडने़ में सफल नहीं हुई है। जो जितना ज्यादा मतो से ज्यादा मतों से जीती है,वह उतना ही काबिल है। कांग्रेस से कई प्रत्याशी ऐसे थे जो भूपेश बघेल सरकार में मंत्री थे और वह भी चुनाव जीत नही सके, यह तो हैरत की बात है, इससे ज्यादा हैरत का बात यह है कि सीएम रहे भूपेश बघेल भी राजनांदगांव से लोकसभा का चुनाव हार गए हैं। छत्तीसगढ़ में साय के सुशासन व मोदी की गारंटी के चलते कांग्रेस सरकार में रहे मंत्री व सीएम रहे भूपेश बघेल तक चुनाव हार गए हैं। यानी पार्टी ने उनसे उम्मीद की थी कि एक एक सीट तुम लोगों को जीतकर देना है लेकिन यहांके सारे कांग्रेस नेता ऐसा करने में सफल नहीं हुए डै। 18 का विधानसभा चुनाव जिताने वाले भूपेश बघेल से पार्टी को उम्मीद थी कि वह एक सीट तो पार्टी के लि जीतेंगे लेकिन वह भी लोकसभा चुनाव राजनांदगांव से हार गए हैं। वह राज्य में कांग्रेस के सबसे बड़े नेता माने जाते हैं लेकिन कभी कांग्रस के सबसे बड़े नेता माने जाने वाले भूपेश बघेल एक सीट नहीं जिता पाए हैं। यह उनकी बड़ी नाकामी है। वही सीएम साय ने अपने नेता नरेंद्र मोदी को दस सीटें जीतकर दी हैं।यह होता है कि अपने नेता की कसौटी पर खरा उतरना। इस सफलता के बाद सीएम की गिनती अब चुनाव जितानेवाल नेता के रूप में होने लगी है। भाजपा सीएम में मप्र के सीएम मोहन यादव ने पूरी 29 सीटें जीतकर नेतृत्व की ताकत बढ़ाई है। वही छत्तीसगढ़ के सीएम ने 11 में 10 सीटें जीतकर दूसरे नंबर पर है। यह सीएम के साय की बड़ी उपलब्धि है। साय को जब सीएम बनाया गया था तो उनसे उम्मीद की गई थी कि वह छत्तीसगढ़ राज्य की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतकर नेतृत्व का हाथ मजबूत करेंगे। वह ऐसा करने में सफल रहे हैं। इससे उनका राजनीतिक कद पूर्व सीएम भूपेश बघेल से तो ज्यादा हो ही गया है।

राजनीति

निर्मल रानी

अमेठी चुनाव परिणाम : अहंकार के मुंह पर तमांचा

18 वीं लोकसभा के लिये जनादेश 2024 आ चुका है। ताजा सूचनाओं के अनुसार नरेंद्र मोदी सरकार मंत्रिमंडल के जिन 52 केंद्रीय मंत्रियों ने लोकसभा चुनाव का चुनाव लड़ा था चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार उन 52 केंद्रीय मंत्रियों में से 20 मंत्री चुनाव हार गए हैं। पराजित मंत्रियों में एक नाम केंद्रीय महिला एवं बल विकास मंत्री एवं अमेठी से सांसद रही स्मृति ईरानी का भी है। पूरे देश की नजर अमेठी संसदीय क्षेत्र पर थी क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में इसी सीट से स्मृति ईरानी ने ही कांग्रेस नेता राहुल गाँधी को लगभग 55 हजार मतों से पराजित कर अपना क़द ऊँचा किया था। और 2019 की इसी अमेठी विजय के साथ ही उनका बड़बोलापन व अहंकार चौथे आसमान पर पहुँच गया था। हालांकि बाद में राहुल वायनाड से सांसद बनकर पुनः संसद में पहुँच गये थे। परन्तु 2019 की अमेठी फतेह से उत्साहित स्मृति ईरानी स्वयं को राहुल गाँधी को न केवल बार बार चुनौती देते बल्कि कई बार उन्हें व उनके परिवार को भी अपने झूठ व अहंकार पूर्ण शब्दों से अपमानित करती सुनाई दीं। 2024 के लोकसभा चुनाव से पूर्व सभी की नजरें अमेठी सीट पर इसलिये भी टिकी थीं कि देखें इस बार कांग्रेस अमेठी से राहुल गाँधी को पुनः चुनाव मैदान में उतारकर 2019 जैसी चुनावी टक्कर को दोहराती है या नहीं। परन्तु इस बार राहुल गांधी ने जहां अमेठी के साथ लगती अपने परिवार की पुश्तैनी व पारंपरिक सीट रायबरेली से चुनाव लड़ा वहीँ अमेठी से स्मृति ईरानी के मुक़ाबले अपने 40 वर्षों के पारिवारिक विश्वासपात्र तथा अमेठी व रायबरेली में राजीव गाँधी से लेकर सोनिया गांधी तक के सहयोगी,कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारकर पूरे देश को हैरत में डाल दिया। चुनाव प्रचार के शुरूआती दौर में लोग यही समझ रहे थे कि कांग्रेस ने स्मृति ईरानी के सामने किशोरी लाल शर्मा को यही सोचकर मैदान में उतारा है कि यदि वे हार भी गये तो कम से कम कांग्रेस को वह अपमान नहीं सहना पड़ेगा जो राहुल को अमेठी से पुनः लड़वाने व संभवतः पुनः पराजित होने से सहना पड़ेगा। परन्तु अमेठी के मतदाताओं ने तो हर क़ीमत पर स्मृति ईरानी के ग़ुरूर व घमंड को चकनाचूर करने के साथ ही 2019 में राहुल गाँधी को यहाँ से हराने के लिये पश्चात्ताप करने के लिये कमर कस ली थी।

यह स्मृति ईरानी ही थीं जिनकी सिफारिश पर 18 सितंबर 2023 उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने अमेठी

के मुंशीगंज इलाक़े में स्थित संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया था और वहां की ओपीडी और आपातकालीन सेवाएं बंद कर दी थीं। इस अस्पताल के लाइसेंस को निलंबित करने के लिये बहाना यह ढूँढा गया था कि यहाँ ऑपरेशन के बाद एक महिला मरीज की मौत हो गयी थी। पूरे देश के निजी व सरकारी अस्पतालों में ऐसी अनगिनत मौतें रोज होती रहती हैं। क्या किसी अस्पताल का लाइसेंस इस तरह के कारणों से निलंबित किया जाता है ? परन्तु चूँकि यह अस्पताल गाँधी परिवार द्वारा स्थापित व संचालित था और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाले संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा चलाया जाता था इसलिये द्वेष वश इसे बंद करवा दिया गया। परिणामस्वरूप अमेठी क्षेत्र की जनता इतनी परेशान हुई कि अस्पताल के बाहर तमाम स्थानीय लोगों ने धरना दिया व हड़ताल की। आखिरकार इलाहाबाद उच्च न्यायलय की लखनऊ पीठ द्वारा संजय गांधी अस्पताल के लाइसेंस को निलंबित करने के उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर रोक लगायी गयी। तब क्षेत्र की जनता को राहत मिली। स्मृति ईरानी के कहने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अमेठी जिला इकाई ने उसी समय यह मांग भी की थी कि संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट का प्रबंधन मेनका गांधी और उनके बेटे वरुण गांधी को सौंप दिया जाए जो उस समय क्रमशः सुल्तानपुर और पीलीभीत से भाजपा सांसद थे। इस मांग से भी यह स्पष्ट था कि स्मृति ईरानी को इस अस्पताल में सोनिया गांधी की दखलअंदाजी सहन नहीं थी। इसी तरह ईरानी अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी के अन्तर्गत जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में दैनिक भास्कर के एक पत्रकार द्वारा एक सवाल किये जाने पर भड़क गयीं और उस ग़रीब स्ट्रिंगर पत्रकार को नौकरी से निकलवा दिया। पूरे देश में उनकी इस धमकी का वीडिओ भी वायरल हुआ था। जहाँ तक महिला बल विकास मंत्री होने का सवाल है तो संसद में मणिपुर में महिलाओं को नग्न घुमाने की चर्चा करने मात्र से वे इतनी आग बबूला हुईं थीं कि उसकी तुलना कांग्रेस शासित राज्यों की घटनाओं से करते हुये गला फाड़ कर चीखने लगीं। यह भी पूरे देश ने देखा। देश का गौरव, विश्वस्तरीय पदक विजेता महिला पहलवानों का एक भाजपा सांसद द्वारा शारीरिक रूप से अपमान किये जाने के विषय पर भी उनके मुंह में मट्ठा जमा रहा। इसी 2024 के चुनाव प्रचार के दौरान वे मध्य प्रदेश की एक सभा में यह झूठ बोलती सुनाई दीं कि-'सोनिया मैडम (सोनिया गांधी) को नहीं पता कि राम भगवान कौन हैं। जब वह सत्ता में थीं तो कहती थीं कि राम का कोई अस्तित्व नहीं हैं। आज उनके बच्चे राहुल गांधी व प्रियंका गांधी राम भक्तों से वोट मांगने घूम रहे हैं।' जबकि सोनिया गांधी ने कभी भी ऐसे शब्द नहीं बोले।

स्मृति ईरानी ने इसी चुनाव अभियान में मध्य चेन्नई के भाजपा उम्मीदवार विनोज पी सेल्वम के समर्थन में चुनाव प्रचार के दौरान साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाते हुये कहा था कि ₹देश में ऐसे कई राज्य हैं जहां जय श्री राम बोलने पर इंडी गठबंधन के सहयोगियों ने लोगों का क़त्ल किया है। ऐसा पश्चिम बंगाल और केरल में हुआ है। आज ये हमारा सबसे बड़ा सौभाग्य है कि हम प्रभु श्रीराम के चरणों में अपना शीश झुकाए खड़े हैं। मंदिर का निर्माण हुआ और प्रभु श्रीराम की महिमा देखिए कि जिन्होंने उनके अस्तित्व को नकार दिया था, उन्हें भी भगवान राम ने अपने दर पर बुलाया। उनका अहंकार स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने राम के नेतृत्व को भी अस्वीकार कर दिया था।₹ इतनी नफरत फैलाने के बावजूद बीजेपी के विनोज पी सेल्वम को मात्र 1 लाख 69 हजार 159 वोट मिले जबकि डीएमके के उम्मीदवार ने 4 लाख 13 हजार 848 मत हासिल कर नफरत और झूठ की राजनीति करने वालों को पराजित किया।

यही स्मृति ईरानी ही हैं जिन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए बड़े ही अहंकार पूर्ण लहजे में कहा था कि ₹अगर मेरी आवाज राहुल गांधी तक पहुंच रही है तो मैं उनको बताना चाहूंगी कि उनके जैसे बहुत आए हैं और गए हैं लेकिन हिंदुस्तान है, था और हमेशा रहेगा।₹ आखिरकार अमेठी की जनता ने स्मृति ईरानी को इस बार कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा के हाथों 1 लाख 67 हजार 196 मतों के भारी अंतर से हरा कर अमेठी की जनता ने यह जवाब दे ही दिया कि इस संसदीय क्षेत्र में भी उनके जैसे बहुत आए और गए हैं लेकिन इस क्षेत्र में गाँधी परिवार का वर्चस्व कल भी था और भविष्य में भी रहेगा।

आज का राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आप का स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। कोई रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बड़े-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी तारीफ करेंगें। आज आपको वाहन चलाते समय खास सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

वृष राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से जुड ? का विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। कला से जुड़े लोगों का समाज में मान सम्मान बढ़ेगा, आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे। आज आपके दाम्पत्य जीवन में मधुरता आएगी।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकमियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा।

कर्क राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्ते में और मिठास आयेगी। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

सिंह राशिः ाज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। लवमेट आज अपने रिश्तें के बारे में घरवालों को बताएँगे, घरवाले इसपर विचार भी करेंगे। इस राशि के कैमिस्ट शॉप वाले लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप अपने खर्चो पर नियंत्रण बनाने की योजना बनायेंगे। महिलाएं आज रसोईघर में व्यस्त रहेंगी। दाम्पत्य जीवन में खुशियाँ बरकरार रहेगी।

कन्या राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जायेगा। आपका कोई पुराना दोस्त आपको फोन करके आपको सरप्राइज देगा। आपकी किसी जरूरी बात पर घर वाले सहमति जतायेंगे। तरक्की आज आपके कदम चूमेगी। आपको अपना कारोबार बढ़ाने के लिए आज कई मौके मिलेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को आज अच्छी खबर मिलेगी। लवमेट के लिए दिन अच्छा है।

तुला राशिः आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगें। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर करने की जरूरत है। कोई आपके काम की शिकायत कर सकता है। आज किसी से भी उलझने से आपको बचना चाहिए। बच्चों को आज पढाई में मन लगाने की जरूरत है।

वृश्चिक राशिः आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जायेंगे। मार्केटिंग की जॉब कर रहे लोगों से आज कोई अच्छा क्लाइंट जुड़ेगा, जो भविष्य में अच्छा धन लाभ कराएगा। नये प्रॉजेक्ट को पूरा करने में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

धनु राशि : आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा कराएगी। वकीलों के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा, कोई नया केस हाथ लगेगा। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली आएगी, जीवनसाथी के साथ कोई अच्छी मूवी देखने का मन बनायेंगे। आज अपने दोस्त की किसी बात का बुरा ना माने, दोस्ती मजबूत होगी।

मकर राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे-समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। किसी विषय को समझने में आपको अपने सहपाठियों से सहयोग मिलेगा। आज पड़ोसी आपके कार्यों को पूरा करने में आपकी सहायता करेंगे। इससे पड़ोसियों के साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। आपका स्वास्थ्य उत्तम बना रहेगा।

कुंभ राशिः आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिये अपनी बेहतरीन राय देंगे, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेगी। अगर आप कोई नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं, तो आपको परिवार का पूरा साथ मिलेगा। समाज में आपका नाम ऊंचा होगा।

मीन राशिः आज आपका दिन बढि ?ा रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। बच्चे आज अपने पढ़ाई के प्रति सीरियस रहेंगे। आज आपके घर नन्हें मेहमान के आगमन का योग बन रहा है।

व्यंग्य

सब बोलने की बातें हैं

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

एक समय था जब झूठ बोलने पर कौवा काटता था। हो न हो यह कौआ अवश्य महात्मा गांधी जी का होगा। वरना इंसान को काटने की हिम्मत किसमें है। वैसे पर्यावरण परिवर्तन के चलते महात्मा गांधी वाले कौए तो कब के लुप्त हो गए। अब जो बचे हैं वे झूठ बोलने पर नहीं सच बोलने पर काटते हैं। इसीलिए लोग सच बोलने से डरते हैं। सच बोलकर कौन मूर्ख बेमतलब का टिटिम्मा पालेगा। सच बोलकर दूसरों को दूर करने से अच्छा है झूठ बोलकर उनके गले काटना। इस तरह गला काटने पर खून का रंग लाल हो न हो लेकिन स्वाद मीठा होता है। यदि ऐसा न होता तो आए दिन इतने गले कट रहे हैं, क्या वह बिना स्वार्थ वाले मीठे स्वाद का होता। आइंस्टीन ने महात्मा गांधी को हांड-मांस का चलता हुआ क्रांतिकारी महापुरुष बताया। उनकी बात मुझे तब सच लगी जब मैंने मुन्ना भाई एमबीबीएस और मुन्ना भाई लगे रहो में गांधीगिरी को देखा। गांधीगिरी के नाम पर टिकट खिड़कियों पर इतनी भीड़ उमड़ी कि एक बार के लिए लगा हो न हो गांधी जी फिर से वापस आ गए हैं। दो फिल्मों को छह घंटे देखकर छह सेकंड में गांधी जी को भुला देने वाली पब्लिक उनके सिद्धांतों को पुड़िया बनाकर पैरों तले कुचलने में आज की दुनियादारी समझती है। क्या होता अगर सच में गांधी जी के सिद्धांतों पर यह देश काम करता? इसमें सोचने वाली बात क्या है। स्वतंत्रता 1947 में मिली। हम वहीं के वहीं रहते। वह तो शुक्र मनाओ कि गांधी जी 30 जनवरी 1948 को जबरन इस दुनिया से चल बसे। तभी तो हम उनकी याद में असत्य, अहिंसा, अधर्म, अन्याय का सफलतापूर्वक पालन करते हुए यहाँ तक पहुँचे हैं। सच बोलने वाले, धर्म का पालन करने वाले, न्याय का पक्ष धरने वाले, अहिंसा की बातें करने वाले

आदमखोर शेर से भी खतरनाक माने जाते हैं। इसीलिए इन्हें जेल में बंद कर दिया जाता है या फिर राष्ट्रविरोधी कहकर उन पर गद्दार का ठप्पा लगा दिया जाता है। अब तो हर जगह झूठ का बोलबाला है साहब। पैंतीस-चालीस रुपए में पेट्रोल देने के नाम पर सरकार बनाने वाले सौ रुपए में पेट्रोल बेचते हैं। कभी गैस सिलेंडर इतने महंगे थे कि एक महान संस्कृति की पक्षधर अम्मा संसद के सामने गलाफाड़ गृहिणी के रूप में सरकार को हिला देती थीं। अब वही अम्मा हजार रुपए की कीमत को सस्ती गैस बताकर अपनी बेटी के होटल में गाय, सुअर के मांस का सांस्कृकि भोज्य पदार्थ बनवाती हैं। इस तरह संस्कृति का विकास करती हैं। अच्छा हुआ गांधी जी निरमा वाशिंग पाउडर के विज्ञापन से पहले चल बसे। वरना उनकी मौत पर यही वित्तीय अम्मा कहतीं झ गांधी जी गोली लगने से नहीं मरे। बल्कि वे ही गोली के रास्ते में आ गए। इसमें गोली की कोई गलती नहीं है। उन्हें तो उसेन बोल्ट की तरह फुर्तीला होना चाहिए था। गोली के रास्ते में आने वाला मरेगा नहीं तो क्या साल्सा डैंस करेगा। सच बोलने वालों को कौओं से नहीं मोटा भाई से डरना चाहिए। क्योंकि सच बोलने वाले मैके जाने के बजाए जेल जाते हैं। यह बात अलग है कि आगे चलकर जेल ही उनका मैका बन जाता है। यदि इतने पर भी सच बोलने वालों की चुल मची रहती है तो उनके पीछे ईडी, सीबीआई, टाडा, गद्दार, राष्ट्रविरोधी जैसे टैग लगाकर उन्हें मारेंगे नहीं मरने पर मजबूर कर देंगे। गांधी जी हमेशा एक गाल के बदले दूसरा गाल भी ऑफर करने के लिए कहते थे। काश आज वे होते तो उनके सिद्धांतों में और न जाने कितने ऑफरों के साथ पूरा का पूरा बदन सत्ता के हाथ में धर देते और कहते झ यह बदन तुम्हारे हवाले सत्ताधारियों....। अब जो करना है करो तुम्हारी मर्जी है सत्ताधारियों...।

किन लोगों को सुबह-सुबह नहीं पीना चाहिए नींबू पानी? क्यों मना करते हैं हेल्थ एक्सपर्ट

नींबू में भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है जो सेहत के लिए हर लिहाज से फायदेमंद माना जाता है. गर्मियों में हर रोज लोग नींबू पानी पीना पसंद करते हैं. वजन घटाने से लेकर इम्युनिटी मजबूत करने तक नींबू पानी बेहद कारगर है. कई लोग ऐसे हैं जो वजन घटाने के लिए सुबह के वक्त खाली पेट गुनगुना पानी में नींबू डालकर पीते हैं. लेकिन सबसे जरूरी है कि यह सभी लोगों को सूट नहीं करती है. कुछ लोगों को इसके फायदे की जगह नुकसान होने लगता है. साथ ही पेट से जुड़ी कई सारी समस्याएं भी होने लगती है. आइए विस्तार से जानें किन लोगों को खाली पेट नींबू पानी नहीं पीना चाहिए ? जिन लोगों को एसिडिटी की समस्या है. उन्हें नींबू नहीं खाना चाहिए. जिन लोगों को दांतों से जुड़ी सेंसिटिविटी की बीमारी है. उन्हें नींबू का इस्तेमाल ज्यादा नहीं करना चाहिए. अगर आपको किडनी की बीमारी है. तो नींबू कम खाएं. इसके अलावा, नींबू अधिक खाने से हड्डियों के लिए भी खतरनाक हो सकता है. अगर आप खाली पेट नींबू-पानी पीते हैं तो एसिडिटी की समस्या बढ़ सकती है. ऐसे लोगों को खाली पेट नींबू पानी पीने से बचना चाहिए. नींबू में साइट्रिक एसिड अधिक होता है. जो एसिडिटी को बढ़ाता है. खासकर खाली पेट नींबू पानी पीने से एसिडिटी के मरीजों को नुकसान हो सकता है.

विश्लेषण

मनोज कुमार अग्रवाल

संकल्प से सिद्धि का नया सफर शुरू होगा!

भारत में अठारहवीं लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना के परिणाम आ चुके हैं।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा नीत राजग ने 291सीट पर जीत हासिल कर तीसरी बार सरकार बनाने का रास्ता साफ कर दिया है। 1.5 महीने से ज्यादा चले चुनाव के सात चरणों में देश के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की कुल 543 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हुए । भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन एनडीए ने यूं तो चार सौ पार का दावा किया था लेकिन यूपी महाराष्ट्र राजस्थान हरियाणा में भाजपा अपने पूर्व प्रदर्शन को दोहराने में नाकाम रही।जिस के चलते भाजपा अकेले अपने बूते पर बहुमत हासिल करने में नाकाम रही लेकिन राजग में भाजपा की 241जदयू की 12 और तेदेपा 16 लोजपा 5 शिवसेना शिंदे की 7 जद एस 2 रालोद 2 जनसेना 2 अन्य 5 का योगदान शामिल हैं।

चुनाव नतीजों के आने के साथ ही राजग का एक बार पुन सत्तारूढ़ होना तय है दरअसल इस सबके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यप्रणाली कायशैली कायर्कुशलता दूरदशिर्ता और दृढ़ता का योगदान है जिसमें एक अलग आत्मविश्वास और देश के लिए कुछ कर गुजरने की ईच्छा शक्ति साफ झलकती है यही वजह है कि समूचे चुनाव अभियान के दौरान तमाम तरह की भद्दी टिप्पणी और आरोप के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विजय अभियान में बिना थके बिना रुके लगे रहे और अपने बूते पर देश भर में चुनाव अभियान की डोर थामे हुए विजय सौपान तक पहुंच गए। उधर इंडिया गठबंधन 205 सीट पर जीत हासिल करने में समर्थ रहा है यदि तृणमूल के सीटों को भी मिला ले तो 234 संख्या होती है विपक्षी गठबंधन भी जदयू और तेदेपा का समर्थन जुटाने के लिए अपनी कोशिश तेज किए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी जीत को लेकर कितने आश्वस्त हैं यह इस बात से समझा जा सकता है कि लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के अगले ही दिन प्रधानमंत्री ने कई बैठकों की अध्यक्षता की है। जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नयी सरकार के लिये 100 दिन का एजेंडा तैयार करने के वास्ते विभिन्न सरकारी मंत्रालयों को काम सौंपा था। उन्होंने अपनी मंत्रिपरिषद से पहले 100 दिनों के लिए कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने के लिए कहा है। 18वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव के परिणाम आज 4 जून को देश व दुनिया के सामने होंगे, लेकिन भारत के

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव परिणाम आने से पहले ही सक्रिय हो चुके हैं।संकल्प की ऐसी दृढ़ता विश्व के किसी भी दूसरे समकक्ष नेता के आचरण और व्यक्तित्व में शामिल नहीं है यही एक चीज है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दूसरों से अलग एक मजबूत विश्व नेता बतौर स्थापित करती है। प्रधानमंत्री मोदी की यह कार्य शैली से समूचे विश्व के नेता हतप्रभ रह जाते हैं। संकल्प की इस दृढ़ता के पीछे एग्जिट पोल द्वारा दर्शाये परिणाम नही हैं बल्कि उनका अपना आत्मविश्वास अपने तय अजेंडा पर एकटक होकर काम करने की मनोवृत्ति और ईश्वर पर अटल विश्वास के साथ ही कर्म को प्रधान मानना उनकी सफलता को सुनिश्चित कर देता है। विभिन्न एग्जिट पोल परिणामों अनुसार नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। याद रहे कि कि चुनाव शुरू होने से पहले ही प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि उन्होंने अभी से अपनी अगली सरकार के शुरुआती 100 दिन की काययोजना पर काम शुरू कर दिया है। यही नहीं, उन्होंने अपने मंत्रियों को भी नई सरकार के पहले 100 दिन के लिए अपने-अपने विभागों की प्राथमिकताएं और कार्यक्रम पेश करने का आदेश दिया था। यही नहीं उन्होंने देश के विकास के लिए 2047 तक का ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है। आम चुनावों के लिए विजय अभियान के दौरान उन्होंने 73 साल की आयु में 72 दिन में कुल 206 जनसभा रैली और रोड शो किए यह अपने आप में रिकार्ड है। चुनाव प्रचार से निपटते ही मोदी ने विवेकानंद रॉक मैमोरियल में 45 घंटे की मौन साधना विपश्यना की उनका अध्यात्मिकता के भीतर गहरा विश्वास और ज्ञान है। इस मौन साधना से जहां लम्बे समय की मानसिक व शारीरिक थकावट व तनाव से मुक्ति मिली वहीं नई ऊर्जा और चेतना के साथ अगले ही घंटों में देश के बड़े अधिकारीयों के साथ देश की सामयिक परिस्थितियों पर गहन विचार किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, देश के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में मोदी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आग की घटनाओं को रोकने और उससे निपटने के लिए नियमित आधार पर उचित अभ्यास किए जाने चाहिएं। उन्होंने यह भी कहा कि जंगलों में 'फायर लाइन' के रखरखाव और बायोमास के उपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाई जानी चाहिए। बयान में कहा गया कि अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को बताया कि पूर्वानुमानों के अनुसार राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश में अभी भीषण लू का प्रकोप जारी रहेगा। इस वर्ष देश के अधिकांश हिस्सों में मॉनसून सामान्य और सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, जबकि प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से नीचे रहने की आशंका है। एक बयान में कहा गया कि चक्रवात रेमल के बाद की स्थिति की समीक्षा के लिए हुई बैठक में मोदी को मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में भूस्खलन और बाढ़ के कारण जानमाल के नुकसान सहित विभिन्न राज्यों में इसके प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री को बताया गया कि कैसे राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम ने लोगों को बचाने, हवाई मार्ग से उन्हें निकालने और सड़क साफ करने का काम चलाया। बयान में कहा गया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ नियमित संपर्क में है। बयान के अनुसार, मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार चक्रवात से प्रभावित राज्यों को पूर्ण समर्थन देना जारी रखेगी। बैठक में शामिल रहे एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में वनों में आग की घटनाओं पर गहरी चिंता जताई, जिससे बड़े पैमाने पर जीवों की मौत और पर्यावरण को हानि होती है। एनडीआरएफ टीमों को पहाड़ी इलाकों में पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। खासकर वहां, जहां आग लगने की आशंका अधिक रहती है, अधिकारियों को पर्याप्त इंतजाम करने को कहा गया। बैठक में भीषण ल

एक नजर

विश्व पर्यावरण दिवस 2024 पर पर्यावरण के संरक्षण की प्रतिज्ञा ली गई

हैदराबाद, 6 जून। भारत के जिम्मेवार माइनर और सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक, एनएमडीसी ने आज हैदराबाद में अपने प्रधान कार्यालय और संपूर्ण भारत की परियोजनाओं में पर्यावरण पोषण की प्रतिज्ञा लेते हुए विश्व पर्यावरण दिवस 2024 मनाया। समारोह की शुरुआत औपचारिक दीप प्रज्ज्वलन से हुई। तत्पश्चात श्री अमिताभ मुखर्जी , सीएमडी(अतिरिक्त प्रभार), श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) और श्री बी. विश्वनाथ, सीवीओ एवं वरिष्ठ प्रबंधन के नेतृत्व में कर्मचारियों ने पर्यावरण की संरक्षण की प्रतिज्ञा ली। ' भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता' की थीम के अनुरूप एक विशेष वीडियो जारी किया गया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए और सुस्थिरता के महत्व पर जोर देते हुए, श्री अमिताभ मुखर्जी ने कहा, ÷पृथ्वी एकमात्र ग्रह है जो जीवन का समर्थन करता है और स्वयं में सुधार करने की क्षमता रखता है, लेकिन सवाल उठता है कि हमें कौन संभालेगा? क्या हम जिम्मेदारी से रह रहे हैं और अपनी भविष्य की पीढ़ी के लिए संसाधनों को संरक्षित कर रहे हैं। हमें व्यक्तिगत स्तर पर अपने कार्बन फुटप्रिंट का ध्यान रखने की आवश्यकता है। हमारे कदम सीधे अंतर-पीढ़ी इक्विटी से संबंधित हैं, इसलिए बेहतर कल के लिए एक बुद्धिमान और स्थायी विकल्प चुनें। विनय कुमार ने सतत विकास के लिए जल प्रबंधन, वनों की कटाई, ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने आगे कहा हमें संरक्षण पर कार्य करते हुए आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ वातावरण प्रदान करना होगा।÷ इस कार्यक्रम में श्री अमिताभ मुखर्जी द्वारा एनएमडीसी पर्यावरण दिवस 2024 संस्मरणों का भी शुभारंभ किया गया। एनएमडीसी प्रधान कार्यालय में आयोजित पर्यावरण दिवस प्रतियोगिता के विजेताओं को श्री अमिताभ मुखर्जी, श्री विनय कुमार और श्री बी विश्वनाथ ने सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त, एनएमडीसी ने अपने प्रमुख परियोजना स्थलों पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। पर्यावरण संरक्षण में अधिक जागरूकता और भागीदारी को बढ़ाने के लिए छात्रों और कर्मचारियों के लिए पोस्टर-बनाने और निबंध लेखन की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। इन पहलों के माध्यम से, एनएमडीसी ने सुस्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में अपनी भूमिका की पुष्टि की। कंपनी पर्यावरणीय प्रबंधन को प्राथमिकता देती है, यह सुनिश्चित करती है कि इसके संचालन भूमंडल और भविष्य की पीढ़ियों के हित में योगदान दें।

नपा परिवार ने पौधारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

डोंगरगढ़, 6 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिवार सहित नगर के निर्वाचित पार्षदों के द्वारा नपा परिसर में छायादार पौधों को रोप कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष सुदेश कुमार मेश्राम एवं सीएमओ चन्द्रकांत शर्मा, अमित कुमार छाबड़ा, (नेताप्रतिपक्ष) पार्षद हरीश मोटघरे, पार्षद श्रीमती अनिता लोकेश इंदूरकर, पार्षद पार्षदगण एवं अधिकारी कर्मचारीगणों की उपस्थिति में 05 जून 2024 विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्यक्रम कर संकल्प लिया गया कि पौधो की देख-रेख एवं पानी की समुचित व्यवस्था किया जायेगा। भीष्ण गर्मी एवं पर्यावरण की दृष्टि तथा स्वच्छ वातावरण एवं शुध्द हवा सभी को मिल सके, संकल्प लिया व लोगो को अधिक से अधिक पौधा रोपण करने प्रेरित किया गया।

आपसी रंजिश में हत्या

भिलाई । भिलाई - 3 थाना क्षेत्र देव बलौदा पुरानी रंजिश को लेकर गैंगवार की घटना ने क्षेत्र को दहला दिया। आधा दर्जन से अधिक युवक बाइक से पहुंचे। अपने दोस्तों के साथ शराब पार्टी कर रहे युवक की लोहे की राड से पीट-पीट कर मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल सुपेला की मॉर्च्युरी भेजा है। इधर हत्यारोपियों की तलाश में एसीसीयू और थाना की टीम लगी है पुलिस ने बताया कि घटना रात पौने 11 बजे बंधवा तालाब भाठा की है। देव बलौदा गांधी नगर निवासी एल चिरंजीव उर्फ ब्रूस्ली (34 वर्ष) अपने दोस्तों के साथ तालाब पार में शराब पार्टी कर रहा था। इसके साथ अर्जुन गैंग की पुरानी रंजिश थी। मौका देख आरोपी अर्जुन भीम, अजय बांधे, गोलू उर्फ दीपक समेत अन्य बाइक से तालाब पर पहुंचे। जहां ब्रूस्ली शराब पार्टी में व्यस्त था। उक्त आरोपी लोहे की राड से लैस थे। पीछे से ब्रूस्ली के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिए। बदमाशों के हमला से ब्रूस्ली जमीन से उठ नहीं सका और उसके दोस्त हमला की दहशत से अपनी जान बचाकर भाग गए। हत्या के बाद आरोपी भी मौके से फरार हो गए जुआ और नशा के कारोबार को लेकर था विवा ब्रूस्ली डीजे का काम करता था दुकान भी चला रहा था वारदात में शामिल आरोपी नशा और सट्टा जुआ जैसे अवैध कार्यों में लिप्त थे उनकी ब्रूस्ली से विवाद था। बदले की भावना और वर्चस्व की लड़ाई में हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। फिलहाल दो संदेहियों को पकड़ा गया है उनसे पूछताछ की जा रही है आरोपी पकड़े जाने पर जल्द ही हत्या की वारदात की सच्चाई सामने आएगी।

वार्ड क्रमांक 23 में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

महासमुंद 6 जून । नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 23 में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदन पत्र में संलग्न सहपत्रों के आधार पर आवेदकों के प्राप्तांकों की सूची तैयार की गई है। उक्त सूची वार्ड कार्यालय/आंगनबाड़ी केन्द्र में चस्पा किया गया है। जिस भी अभ्यर्थी को उक्त सूची पर दावा आपत्ति हो तो, वे उपयुक्त व वैध प्रमाण के साथ लिखित में अपना आवेदन 14 जून 2024 2ाम 5:00 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते है।

सूर्यपूत्र शनिदेव का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

- कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि को शनिदेव का हुआ था अवतरण
- कल संध्या पहर निकाली गई झांकी, आज शनिदेवजी का हुआ अभिषेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 6 जून। शनि जयंती के पावन अवसर पर आज नगर के शनि मंदिर में सूर्यपूत्र भगवान शनिदेव जी का अवतरण दिवस धुमधाम के साथ मनाया गया। भगवान के अभिषेक, हवन पूजन, आरती व महाभंडारा में शामिल होने शनि मंदिर में आज सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ रही।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर स्थित शनि मंदिर में भगवान शनिदेव की जयंती पूरे भक्तिभाव के साथ मनाई गई। बुधवार शायं शनिदेवजी की आकर्षक झांकी निकाली गई। गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण पश्चात झांकी को देर शाम वापस मंदिर पहुंचाया गया जहां शनिदेवजी को भोग चढ़ाकर विधिवत पूजा आरती गइ गई। अवतरण दिवस पर आज गुरूवार सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच शनिदेव जी का दुध, दही, शहद, घी, पंचामृत एवं तील तेल से अभिषेक किया गया। तत्पश्चात मंदिर में सुंदर कण्ड पाठ व हवन अनुष्ठान होगा। तत्पश्चात शाम को मंदिर समिति की ओर से महाभण्डारा होगा । मंदिर के मुख्य पुजारी विभूति भूषण मिश्र ने बताया कि ज्येष्ठ मास की अमावस्या को भगवान श्री शनिदेव जी का अवतरण हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इनका जन्म सूर्यदेव की दूसरी पत्नि छाया से हुआ है। शनिदेव जब मां के गर्भ में थे तब मां छाया भगवान शिव की घोर तपस्या में लीन थी। छाया के तप के प्रभाव से गर्भस्थ शिशु शनि भी जन्म लेने के पश्चात शिवभक्ति में लीन रहने लगे। एक दिन उन्होने सूर्यदेव से कहा कि पिताश्री मैं हर मामले में आपसे सात गुना ज्यादा रहना चाहता हूं, यहां तक कि आपके मंडल से मेरा मण्डल सात गुना अधिक हो, मुझे आपसे सात गुना अधिक शक्ति प्राप्त हो, मेरे वेग का कोई सामना न कर सके। चाहे वह देव, असुर, दानव या सिद्ध साधक ही क्यों न हो। आपके लोक से मेरा लोक सात गुना उंचा रहे। मुझे मेरे आराध्य देव भगवान श्रीकृष्ण के प्रत्यक्ष दर्शन हों और मैं भक्ति ज्ञान से पूर्ण हो जाऊं। पुत्र शनि की श्रद्धा निष्ठा से प्रसन्न होकर सूर्यदेव ने उन्हें अविमुक्त क्षेत्र काशी जाने और वहीं शिव की आराधना करने का परामर्श दिया। शनिदेव काशी गए और शिव आराधना करने लगे। तपस्या से प्रसन्न होकर शिव प्रकट हुए और उन्होने ग्रहों में सर्वोपरि स्थान तो दिया ही साथ ही मृत्युलोक का न्यायधीश भी नियुक्त किया। उन्हें साढ़ेसाती और ढैया का वरदान दिया। साढेसाती की अवधि सत्ताईस सौ दिन और ढैया की अवधि नौ सौ दिन नियत की। तबसे लेकर आजतक शनिदेव की ढैया और साढेसाती को दंडस्वरूप समझा जाता है। इसका जीवन में शुभाशुभ प्रभाव व्यक्ति के आचरण और कर्म के अनुसार पड़ता है पिता सूर्य ने इन्हें मकर और कुंभ राशि के साथ साथ अनुराधा, पुष्य, और उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का अधिपति भी बनाया। शनिदेव ने जिस शिवलिंग की स्थापना की थी वही आज नवें ज्योतिलिंग श्रीकाशीविश्वनाथ के नाम से जाने जाते हैं।

महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा

पति की लंबी उम्र के लिए रखा निर्जला व्रत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 6 जून । ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या पर आज सुहागिन महिलाओं ने पति के दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना कर वट सावित्री की पूजा की। इसमें महिलाओं ने वट वृक्ष में श्रृंगार सामग्री अर्पित कर अपने सुहाग की रक्षा व सुख समृद्धि की कामना कर व्रत रखा। वट सावित्री की पूजा दंतेवाड़ा समेत आसपास क्षेत्रों में भी पूरे विधि विधान के साथ किया गया।

वट सावित्री की पूजा गुरूवार को नगर भर में महिलाओं ने धूमधाम से की। यह हिन्दु स्त्रियों का एक महत्वपूर्ण व्रत है। इस दिन सत्यवान, सावित्री तथा यमराज की पूजा की जाने की परंपरा है। इस पूजा में महिलाएं अपने पति के दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना करती है। एक पौराणिक कथा के अनुसार सत्यवान की मृत्यु के बाद उसकी पत्नि सावित्री ने यमराज से अपने पति के प्राण वापस लाकर उसे पुनर्जीवित किया था। इसके बाद से उसके नाम पर वट सावित्री की पूजा होने लगी। इस दिन महिलाएं वट वृक्ष के नीचे मिट्टी की बनी सावित्री और सत्यवान तथा भैंसे पर सवार यम की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करती हैं। वट की जड़ में पानी दिया जाता है। पूजा में पुष्प, रोली, कच्चा सूत, भिगोया चना, फूल तथा धूप का इस्तेमाल किया जाता है। महिलाएं जल से वट वृक्ष को सींचकर तने के चारों ओर कच्च धागा लपेटते हुए वट वृक्ष की तीन बार परिक्रमा करती है। तत्पश्चात वृक्ष के नीचे बैठकर सत्यवान व सावित्री की कथा सुनी जाती है। वट सावित्री के शुभ अवसर पर आज नगर भर में सुहागिन

कन्हारपुरी में आयोजित जल जगार उत्सव में शामिल हुईं कलेक्टर

धमतरी 6 जून । जिले में जल संरक्षित करने की दिशा में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की पहल पर सतत् प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कुरूद विकासखण्ड के ग्राम कन्हारपुरी में रेल्वे विभाग द्वारा सीएसआर मद से साढ़े 5 एकड़ क्षेत्र में बनाए जाने वाले तालाब गहरी एवं सौंदर्यीकरण कार्य का कलेक्टर सुश्री गांधी की उपस्थिति में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने आज शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, एसडीएम कुरूद, सीईओ जनपद पंचायत कुरूद सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर सुश्री गांधी ने कहा कि जिले में भूजल स्तर तेजी से नीचे गिरते जा रहा है, ऐसे में रेल्वे द्वारा तालाब गहरी और सौंदर्यीकरण कार्य कराने से जल संरक्षण में सहयोग मिल जाएगा। उन्होंने इसके लिए रेल्वे विभाग को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों का आह्वान किया।

नव निर्वाचित सांसद महेश कश्यप का गीदम व दंतेवाड़ा में हुआ जोशीला स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 6 जून। छत्तीसगढ़ के बस्तर लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद महेश कश्यप आज बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी का आशीर्वाद लेने देवी दरबार पहुंचे,गीदम पहुँचने पर नगर पंचायत कार्यालय के सामने भाजपा कार्यकर्ताओ ने सांसद महेश कश्यप का गर्मजोशी से आतिशबाजी के साथ भगवा गमछा व पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वगात किया तत्पश्चात सांसद महेश कश्यप दंतेवाड़ा पहुंचे जहा विधायक चैतराम अटामी ने नवनिर्वाचित सांसद का स्वागत कर बधाई दी और साथ में देवी दरबार दर्शन करने पहुंचे 7 सांसद महेश कश्यप ने कहा की में समस्त देवतुल्य कार्यकर्ता व मतदाताओं का आभार व्यक्त करता हु की मुझ जैसे गरीब साधारण किसान के बेटे पर भरोसा जताया और सांसद बनाया है,में बस्तर का लोकसभा सदस्य के रूप में प्रतिनिधित्व करते हुए बस्तर के विकास हेतु देश के लोकतंत्र के सबसे बड़ी मंदिर संसद तक बस्तरवासियों की आवाज को सशक्त और सक्रियता के साथ पहुँचाऊँगा 7 विधायक चैतराम अटामी ने कहा की पुनः मोदी जी और भाजपा पर भरोसा जताकर जनता ने जो आशीर्वाद दिया है उसके लिये क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करता हु अब दंतेवाड़ा के पास डबल इंजन की सरकार है जो कमी बस्तर से रह गयी थी वो पूरी करके जनता ने बस्तर लोकसभा के लोकप्रिय भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप को विजयी बनाकर आशीर्वाद दिया है,अब क्षेत्र का विकास डबल इंजन होने के कारण तीव्रगति से होगा। इस दौरान भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित हुए ।

डीआईजी, कलेक्टर , एसपी समेत तमाम अधिकारियों ने जावंगा के आस्था विद्या मंदिर में लगाए पौधे

गीदम, 6 जून । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एजुकेशन सिटी जावंगा के आस्था विद्या मंदिर जावांगा में आज जिले के आला अधिकारी उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप (भापुसे), कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी (भाप्रसे), पुलिस अधीक्षक गौरव राय (भापुसे), जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन (भाप्रसे), वन मंडलाधिकारी डॉ जाधव सागर रामचंद्र (भावसे), डीआईजी सीआरपीएफ विकास कराटिया द्वारा 50 पौधे रोपकर एजुकेशन सिटी जावंगा में 6000 पौधे रोपने का लक्ष्य दिया गया।

अधिकारियों ने परिसर मे आम नारियल जैसे फलदार पौधों का रोपण किया। जैसा कि सभी जानते है मानव और प्रकृति का गहरा नाता है। जहां प्रकृति है, वहां जीवन है और जब इसी प्रकृति को क्षति पहुंचती है तो जीवन पर भी असर पड़ता है। इस प्रकार पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय की नन्ही पुत्री ''अमाया'' के द्वारा भी आस्था परिसर में पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर, जिला शिक्षा अधिकारी एस के अम्बस्ता, उप वनमण्डलाधिकारी गीदम व्ही एन नाग सहित विभिन्न अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

6000 पौधे लगाने का लक्ष्य

अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष एजुकेशन सिटी जावंगा परिसर में 6000 से अधिक पौधे रोपने का लक्ष्य रक्खा गया है। जिससे आने वाले दिनों में एजुकेशन सिटी में हरियाली का वातवरण एवं प्रदूषण से बचा जा सके।

पर्यावरण दिवस 2024 की थीम

पर्यावरण की सुरक्षा की अहमियत को देखते हुए वर्ष 1972 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रति वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का फैसला किया था। इसके बाद 5 जून 1974 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

हर साल पर्यावरण दिवस की थीम भी तय की जाती है। पिछले साल थीम प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर आधारित थी। वहीं इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस 2024 की थीम भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता है।

सहायिका पद के लिए 14 जून तक आवेदन आमंत्रित

महासमुंद 6 जून 2024/ एकीकृत बाल विकास परियोजना महासमुंद अंतर्गत पं. रविशंकर वार्ड क्रमांक 20 में स्थित पं. रविशंकर 2ाक्ल आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए रिक्त सहायिका पद पर नियुक्ति की जानी है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना ने बताया कि सहायिका पद पर नियुक्ति के लिए 14 जून शाम 05:30 बजे तक कार्यालय बाल विकास परियोजना महासमुंद (शहरी) में कार्यालयीन समय पर सीधे अथवा पंजीकृत डाक द्वारा जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के उपरांत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सहायिका पद हेतु आठवीं बोर्ड उत्तीर्ण होना चाहिए। साथ ही आयु सीमा 18 वर्ष से 44 वर्ष की हो। वार्ड निवासी सत्यापन के लिए आवेदिकाओं को वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। शहरी क्षेत्रों में आवेदिका उसी वार्ड का होना चाहिए जहां आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है तथा गरीबी रेखा प्रमाण पत्र सर्वे सूची 20211-12 का होना चाहिए। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय महासमुंद से सम्पर्क कर सकते है।

स्कूलों में सुविधाएं बढ़ाई जाएगी :दीपक

सुकमा, 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। दीपक कुमार बरसे ने वीआरसी सुकमा का प्रभार जब से संभाला है। कार्यालय का काया पलट हो गया है। कार्यालय देखने लायक हो गया तहै। व्यवस्था सुधर गई है। सीसीटीवी कैमरे कई जगह लगाए गए हैं। सभी कमरों को सुंदर बनाया गया है। दीपक कुमार ने बताया है कि शिक्षा को बेहतर बनाना है। नए स्कूल खोलने का प्रयास किया जाएगा। स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। हरियाली बढाई जाएगी।

सुकमा में आंधी के साथ बारिश

सुकमा, 6 जून। सुकमा में भीषण गर्मी के बाद आंधी-तूफान के साथ बिजली कड़की एक घंटा अच्छी बारिश हुई। जिससे गर्मी से राहत मिली। बिजली गुल होने से परेशानी हुई। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक बारिश हो रही थी।

सुकमा। लोकसभा चुनाव में भाजपा के महेश कश्यप के विजयी होने पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाते हुए फटाके फोड़े। जिला अध्यक्ष घनीराम बारसे ने बधाई दी है।

पर्यावरण के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

सुकमा, 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।यूथ एवं ईको क्लब क्रियान्वयन का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता के बारे में जागरूकता पैदा करने और पर्यावरण के मुद्दो पर संवेदनशीलता बनाने, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने तथा सभी शैक्षणिक संस्थानों में वर्ष भर सफल क्रियान्वयन करने के साथ-साथ स्कूली बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जोड़ने हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यूथ एवं ईको क्लब क्रियान्वयन हेतु राज्य से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स श्री धनंजय ध्रुव एवं कमलेश नागवंशी द्वारा जिले के कुल 40 शिक्षकों को विकासखण्ड मास्टर ट्रेनर्स के रूप में तैयार करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। जो आगामी दिनों में जिला से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्सो के द्वारा अपने विकासखण्ड के प्रत्येक माध्यमिक शाला के शिक्षकों को प्रशिक्षित करेगें।

कार्यशाला में खरीफ फसल की बोआई पूर्व बीज को उपचारित करने की जानकारी दी

सुकमा, 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। विगत दिवस को ग्राम चिपुरपाल, ब्लॉक छिंदगढ़ में खरीफ फसल की तैयारी व सीड कम फर्टिलाइजर डील से कतार बोनी विषय पर ग्रामीण किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, सुकमा के विषय वस्तु विषेशज्ञ, श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप ने ग्रामीणों को उन्नत कृषि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके लिये उन्होंने प्रमाणित या आधार श्रेणी के बीजों का चयन के साथ साथ बुआई के पूर्व बीज को फफूंदनाशक दवा से उपचारित करने की सलाह किसान भाइयों को दी। कृषि करने के आधुनिक कृषि उपकरणों से अवगत कराते हुए फसलों की कतारबद्ध बुआई करने की जानकारी दी। विशेषज्ञ ने किसानों को समूह अग्रिम पंक्ति फसल प्रदर्शन (क्लस्टर फ्रंट लाइन प्रदर्शन), फ्रंट लाइन प्रदर्शन व ऑन फार्म ट्रायल के तहत धान, मक्का, अरहर, तिल, सरसों फसल लगाने के लिए किसानो को अवगत कराया। इस अवसर पर कीट विज्ञान के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ योगेश कुमार सिदार ने भी ग्रामीणों को धान कि फसल लगाने से पूर्व खेत की साफ-सफाई, खेत की जुताई एवं मेड़ों की मरमम्त करने की सलाह दी व धान मे नर्सरी अवस्था मे लगने वाले कीडे और बीमारियों के प्रबंधन के बारे में उत्तम जानकारी दी। इसके साथ साथ विशेषज्ञ ने मक्का मे लगने वाले मुख्य हानिकारक फॉल आर्मी वर्म कीट (सैनिक कीट) की पहचान, क्षति के लक्षण व प्रंबधन के सम्बंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

नपा परिवार ने पौधारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

डोंगरगढ़, 6 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिवार सहित नगर के निर्वाचित पार्षदों के द्वारा नपा परिसर में छायादार पौधों को रोप कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष सुदेश कुमार मेश्राम एवं सीएमओ चन्द्रकांत शर्मा, अमित कुमार छाबड़ा, (नेताप्रतिपक्ष) पार्षद हरीश मोटघरे, पार्षद श्रीमती अनिता लोकेश इंदूरकर, पार्षद पार्षदगण एवं अधिकारी कर्मचारीगणों की उपस्थिति में 05 जून 2024 विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्यक्रम कर संकल्प लिया गया कि पौधो की देख-रेख एवं पानी की समुचित व्यवस्था किया जायेगा। भीष्ण गर्मी एवं पर्यावरण की दृष्टि तथा स्वच्छ वातावरण एवं शुध्द हवा सभी को मिल सके, संकल्प लिया व लोगो को अधिक से अधिक पौधा रोपण करने प्रेरित किया गया।

एक नजर

स्वरोजगार प्रशिक्षण के लिए पंजीयन शुरू

रायगढ़, 6 जून। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में माह जून-जुलाई में आयोजित की जानी वाली प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये पंजीयन प्रारंभ हो चुकी हैं। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवती एवं महिला/पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08 वीं पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षाणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड,बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी के लिये मोबा.नं.8305158855 पर वाट्स अप करके पंजीयन करा सकते हैं तथा संपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना, खाना एवं सीखना पूर्णत- निःशुल्क हैं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये 35-35 सीट निर्धारित हैं।

धमतरी शहर के 10 तालाबों से निकला 35 ट्रैक्टर से अधिक कचरा

धमतरी 6 जून। जिले में आज विश्व पर्यावरण दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज नगरपालिक निगम धमतरी क्षेत्र के विभिन्न स्थलों, तालाबों सहित अन्य जल स्त्रोतों की साफ-सफाई की गई। इस साफ-सफाई अभियान में धमतरी शहर के विभिन्न सामाजिक कार्याकर्ता, स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधि, ग्रीन आर्मी के सदस्य, प्रेस प्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में शहरवासियों ने श्रमदान किया। इस दौरान धमतरी शहर के 10 तालाबों से लगभग 35 ट्रेक्टर से अधिक कचरा निकाला गया। इनमें नागसागर तालाब हटकेशर वार्ड, कांटा तालाब सुभाषनगर वार्ड, आमा तालाब अम्बेडकर वार्ड, बनिया तालाब महंत घासीदास वार्ड, महिमासागर तालाब, बठेना तालाब, कलार तालाब रामपुर वार्ड, मकई तालाब मकेश्वर वार्ड और कठौली तालाब कोष्टापारा वार्ड शामिल है। इस अवसर पर लोगों ने धमतरी शहर को हर हाल में स्वच्छ, सुन्दर बनाए रखने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया।

कलेक्टर एवं सीईओ के साथ स्कूली बच्चों ने मचान हट और नेचर ट्रेल का किया भ्रमण

धमतरी 6 जून । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज प्राथमिक स्कूल गंगरेल के बच्चों ने कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी और सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव और वनमण्डलाधिकारी श्री कृष्णा जाधव के साथ गंगरेल स्थित मचान हट और नेचर ट्रेल का भ्रमण किया।इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत धमतरी श्री दीपक ठाकुर सहित प्रशिक्षु आईएफएस, संयुक्त वनमंडलाधिकारी धमतरी, वाइल्डलाइफ वेलफेयर सोसायटी के श्री गोपी साहू, श्री अमन एवं वन प्रबंधन समिति मरादेव, गंगरेल के सदस्य उपस्थित रहे।

मानव जीवन के लिए आवश्यक है पर्यावरण संरक्षण:योगेश्वर

महासमुंद, 6 जून। विश्व पर्यावरण दिवस पर खल्लारी विधनसभा के ग्राम खम्हरिया में समाजसेवी संस्था श्रीराम सेवा समिति द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, मीसाबंदी मणिलाल चंद्राकर, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, जिला कोषाध्यक्ष थान सिंह दीवान, खल्लारी मंडल अध्यक्ष धरम दीवान, श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्राकर, बूथ अध्यक्ष रेखलाल चंद्राकर सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में फल एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।कार्यक्रम में विधायक सिन्हा के आगमन पर ग्रामीणों ने आतिशबाजी और बाजे गाजे से उनका आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया गया। इस मौके पर विधायक सिन्हा ने कहा कि मेरा इस गांव से 25 वर्षों से पुराना नाता रहा है, इस गांव से मेरा विशेष लगाव रहा और अपने पारिवारिक सदस्य की तरह प्यार दुलार मुझे यहां के प्रतिष्ठित से मिलता रहा है। विधायक योगेश्वर सिन्हा ने कहा कि आज मैं इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के ही रूप में विधायक के नाते ही नही इस गांव का बेटा बनकर आया हूं। पर्यावरण संरक्षण को मानव जीवन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जल, जंगल और जमीन का दुरुपयोग हो रहा है, वहां पर आने वाले भविष्य में हम सभी के समक्ष जीवन दायिनी स्वस्थ हवा और अमृत तुल्य जल की कमी होना स्वाभाविक दिख रहा है। स्वस्थ मानव जीवन के लिए प्रमुख रूप से आधारभूत आवश्यक शुद्ध वायु और स्वच्छ जल प्रकृति ने हमें निशुल्क दिया है। अगर हम सभी इसकी आवश्यकता और उपयोगिता को अभी नहीं समझेंगे, जल जंगल का विनाश करते रहे तो आने वाले कल में हम सभी को इसका गंभीर परिणाम भुगतना ही होगा। पर्यावरण दिवस में किए गए पौधरोपण को लेकर विधायक योगेश्वर सिन्हा ने समिति एवं ग्रामीणों से आह्वान करते हुए कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए सिर्फ पौधों का रोपण ही नही करना है, बल्कि वो पेड़ बनते तक सुरक्षित रहे उनकी देखभाल पूरी तरह हो वो भी अति आवश्यक। हम भले ही पौधे कम लगाए, मगर जितने भी लगाए वो मानव जीवन के लिए फले फूले और बढ़े, इसके लिए आप सभी का हरसंभव सहयोग भी जरूरी है।जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने क्षेत्रवासियों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के समय में जिस प्रकार से जंगल और जल का ह्रास हो रहा है वो बहुत बड़े चिंता का कारण है। पेड़ हमें स्वस्थ जीवन के साथ शुद्ध हवा देता है और हम इनका विनाश करते रहे तो प्रकृति का संतुलन बिगड़ेगा जो मानव और पशुधन का जीवन बिगाड़ देगा। प्रदीप ने बताया कि कोरोना काल के भीषण संकट के समय में भी इस गांव में किसी भी व्यक्ति की मृत्यु कोरोना संक्रमण या ऑक्सीजन की कमी के कारण नहीं हुई, ये हम सभी की पेड़ों के प्रति सुरक्षा की जनजागरूकता के चलते सम्भव हुआ था। इस गांव के नागरिकों पर काना भैरा देवता लंपागढ़हीन दाई की असीम कृपा बनी हुई है। आसपास के गांवों में कोरोना संकरण का प्रभाव दिखा और कइयों के परिजनों का दुःखद निधन हो गया था। इस गांव पर ग्राम देवात की कृपादृष्टि बनी हुई है, ये हम सभी का सौभाग्य है। प्रदीप ने इस क्षेत्र के ग्रामीणों में धार्मिक आस्था के प्रतीक काना भैरा देवता, लंपागढ़हीन दाई का भी आशीर्वाद सदैव बने रहने का उल्लेख करते हुए कहा कि पहाड़ी पर ऊपर स्थित देवतुल्य काना भैरा देवता तक पहुँचने का रास्ता कठिन है और पत्थरों के सहारे चढ़ाई मुश्किल होती है। विधायक योगेश्वर राजू से उन्होंने शासन प्रशासन स्तर पर इस धार्मिक स्थल पर सीढ़ी निर्माण के लिए कार्य और राशि स्वीकृति की मांग करते हुए पहल करने का निवेदन क्षेत्र की जनता की तरफ से किया। गांव के प्रतिष्ठित नागरिक मीसाबंदी मणिलाल चंद्राकर ने भी विधायक योगेश्वर सिन्हा से इस गांव में 8 साल पूर्व प्रारंभ हो रहे कॉलेज भवन निर्माण कार्य की अधूरे होने की जानकारी देते हुए कहा कि यहां पर कॉलेज भवन निर्माण होने से इस क्षेत्र के छात्र छात्राओं को पढ़ाई के लिए अन्यत्र दूर नहीं भटकना पड़ेगा।भाजपा जिला कोषाध्यक्ष थान सिंह दीवान, खल्लारी मण्डल अध्यक्ष धरम दीवान ने भी पौधारोपण और जल जंगल की सुरक्षा को वर्तमान समय की महती आवश्यकता बताते हुए सतत पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्रामीणों की मांगों को शीघ्र ही मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के मंत्री तक पहुंचाकर आवश्यक हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

पर्यावरण दिवस पर अतिथियों द्वारा पीपल के पौधे सहित अन्य प्रजाति का पौधारोपण कर उनकी देखभाल का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्रीराम सेवा समिति के पदाधिकारी परमानंद सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा, रूपेश सिन्हा, रेख लाल चंद्राकर, नंद चंद्राकर, दौलत सिन्हा, चमन सिन्हा, परस सोनवानी, मोहन पटेल, धनेश चंद्राकर, पुकलाल चंद्राकर, मोती चंद्राकर, निर्मल सिन्हा, लोकेश सिन्हा, नरेंद्र सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

न्यायालय परिसर में न्यायाधीशों सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने लगाए पौधे

महासमुंद। विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला न्यायालय परिसर में पौधारोपण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्लान आफ एक्शन के तहत विशेष दिवसों पर किए जाने वाले शिविर एवं कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष तथा जिला न्यायाधीश अनिता डहरिया के निर्देशानुसार 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला न्यायालय परिसर महासमुंद में न्यायाधीशगण सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों, अधिवक्तागण, अभियोजन अधिकारी, एलएडीसीएस के अधिवक्ताओं एवं न्यायालय में नियुक्त चिकित्सा अधिकारी द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधे, फल एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही लगाए गए पौधों की सुरक्षा प्रतिज्ञा ली गई। जिला न्यायाधीश अनिता डहरिया ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारियों को भी अधिक से अधिक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। और कहा कि वर्तमान में हो रही प्रदूषण समस्याओं का निजात पाने के लिए प्राकृतिक संरक्षण किया जाना ज्यादा जरूरी है। सभी व्यक्ति पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी अहम भागीदारी निभाए। उन्होंने बताया कि 1972 में हुए संयुक्त राष्ट्र मानव पर्यावरण सम्मेलन के बाद 1973 से प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य पर्यावरण के मुद्दों पर वैश्विक जागरूकता बढ़ाना और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक प्रेरित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें सिर्फ एक दिन पर्यावरण के बारे में सोचने के लिए नहीं, बल्कि हर दिन पर्यावरण के प्रति सचेत रहने और उसे बचाने के लिए जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है। हम छोटे-छोटे कदम उठाकर, जैसे कम पानी और बिजली का इस्तेमाल करना, कचरे को कम करना और उसका पुनर्चक्रण करना, पौधे लगाना, वाहनों का कम इस्तेमाल करना आदि, पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने में योगदान दे सकते हैं। यह पृथ्वी हमारा एकमात्र आवास है और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे बचाना हमारा सामूहिक दायित्व है।

5 लाख के ईनाम माओवादी मद्देड़ एरिया कमेटी सदस्य सहित 9 माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर, 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान थाना फरसेगढ़ एवं मद्देड़ की कार्यवाही में अलग- अलग स्थानों से 09 माओवादियों को पकड़ा गया । थाना मद्देड़ क्षेत्रान्तर्गत सर्च कार्यवाही में सोमनपल्ली एवं बंदेपारा मार्ग से 04 माओवादियों को पकड़ा गया । जिनके कब्जे से विस्फोटक, पिटठू, सेफ्टी फ्यूज, जिलेटिन स्टीक, प्रतिबंधित माओवादी संगठन के शासन विरोधी पाम्पलेट एवं बैनर बरामद किया गया । थाना फरसेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 15/05/2024 को थाना प्रभारी फरसेगढ़ की वाहन में ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट कर हमला करने में शामिल05 माओवादी आरोपी को मंडेम- कुपरेल से पकड़ा गया । पकड़े गये माओवादियों पर10-10 हजार का ईनाम उद्घोषित है । 1. लच्छु पूनेम पिता स्व0 पूनेम कोवा उम्र 35 वर्ष निवासी स्कूलपारा कांवड़गांव थाना गंगालूर, मद्देड एरिया कमेटी,ष्टरूईनाम 05.00 लाख, वर्ष 1998 से सक्रिय 2. रमेश कुड़ियम पिता वंगा कुड़ियम उम्र 28 वर्ष निवासी स्कूलपारा सोमनपल्ली थाना मद्देड़, पदनाम- मिलिशिया सदस्य / वसुली का कार्य, वर्ष 2013 से सक्रिय 3. रमेश कुम्मा पिता स्व0 पेंटा कुम्मा उम्र 25 वर्ष निवासी स्कूलपारा बंदेपारा थाना मद्देड़, पदनाम - कचलारम आरपीसी सीएनएम सदस्य, वर्ष 2007 से सक्रिय 4. कुम्मा पेंटा पिता कुम्मा रामा उम्र 22 वर्ष् निवासी स्कूलपारा बंदेपारा थाना मद्देड़, पदनाम- कचलारम आरपीसी सीएनएम सदस्य, वर्ष 2016 से सक्रिय 5. गुडडू कुम्मा पिता मैदा कुम्मा उम्र 25 वर्ष निवासी मण्डेम थाना फरसेगढ जिला बीजापुर, पदनाम- मिलिशिया सदस्य,10.00 का ईनाम , वर्ष 2015 से सक्रिय 6. बुधु कुम्मा पिता नारंगो उम्र 30 वर्ष निवासी मण्डेम थाना फरसेगढ जिला बीजापुर पदनाम- मिलिशिया सदस्य,10.00 का ईनाम, वर्ष 2012 से सक्रिय 7. सुरेश ओयाम पिता माण्डो ओयाम उम्र 29 वर्ष जाति मुरिया निवासी मण्डेम गुबलपारा थाना फरसेगढ जिला बीजापुर, पदनाम- मिलिशिया सदस्य, 10.00 का ईनाम, वर्ष 2015 से सक्रिय 8. विनोद कोरसा पिता स्व0 मंगलू कोरसा उम्र 25 वर्ष निवासी कुपरेल थाना फरसेगढ़ पदनाम- मिलिशिया सदस्य,10.00 का ईनाम, वर्ष 2015 से सक्रिय 9. मुन्ना कुम्मा पिता नरगो कुम्मा उम्र 25 वर्ष निवासी कुपरेल थाना फरसेगढ़, पदनाम- मिलिशिया सदस्य,10.00 का ईनाम, वर्ष 2015 से सक्रिय थाना मद्देड़ क्षेत्रान्तर्गत डीआरजी के बल द्वारा सर्चिंग कार्यवाही के दौरान सोमनपल्ली एवं बंदेपारा जाने वाली रोड पर पहाड़ से सटे मार्ग के दोनो किनारे ढ्ढश्वष्ठ लगाने की योजना बनाते 04 माओवादियों को पकड़ा गया । पकड़ गये माओवादियों के कब्जे से विस्फोटक, पिटठू, सेफ्टी फ्यूज, जिलेटिन स्टीक, प्रतिबंधित माओवादी संगठन के शासन विरोधी पाम्पलेट एवं बैनर बरामद किया गया । पकडे गये माओवादी क्षेत्र में ढ्ढश्वष्ठ लगाने, लेवी वसुली, रोड काटने, पाम्पलेट लगाने, एवं मीटिंग के लिये ग्रामीणों को एकत्रित करते थे । दिनांक 15/05/2024 को थाना प्रभारी फरसेगढ़ की वाहन में ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट करने की घटना में शामिल 05 माओवादी मिलिशिया सदस्यों को कुपरेल एवं मण्डेम से पकड़ा गया ।

अमृत सरोवर स्थलों में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

रायगढ़, 6 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के अमृत सरोवर स्थलों के पास विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर अमृत सरोवर स्थलों पर वृक्षारोपण अभियान, सफाई गतिविधियां जल संसाधन एवं जैव विविधता के महत्व के बारे में जागरूकता अभियान आयोजित किए गए साथ ही जल निकायों के कायाकल्प एवं जीर्णोद्धार के द्वारा सकारात्मक प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले के 78 अमृत सरोवर स्थलों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें ग्राम पंचायत के नागरिकों एवं हितग्राहियों की विशेष सहभागिता रही। इसके साथ ही गांवों में पर्यावरण प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए आगामी 12 जून तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का भी आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत ग्राम पंचायतों में भूजल को रिचार्ज करने एवं जलभराव को लंबे अवधि तक रोकने हेतु शोकपिट एवं रिचार्ज पिट का निर्माण कराया जाएगा। वर्मी कम्पोस्ट एवं नोडप पिट का निर्माण कर जैविक खाद प्रबंधन एवं मृदा स्वास्थ्य में सुधार हेतु कार्य किए जायेंगे।

अमृत सरोवर में किया गया पौधरोपण

बीजापुर, 6 जून। जिले के अमृत सरोवरों में पौधरोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत आयोजित किए गए इस अभियान में पंचायत प्रतिनिधि, समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों ने अपनी भागीदारी देते हुए वृक्षारोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई।

कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिले की ग्राम पंचायतों में 5 से 12 जून तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन किया जाएगाजिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का उद्देश्य हमारे गाँवों में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। 05 जून से 12 जून तक स्वच्छ-हरित ग्राम सप्ताह अंतर्गत गाँवों को उपयुक्त स्थानों की पहचान करने और वर्षा जल का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करने के लिए सोखने वाले गड्ढों का निर्माण करने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया जाएगा गाँवों को जैविक कचरे के प्रबंधन और मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए वर्मी कम्पोस्टिंग पिट , नाडेप पिट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना है।

खरसिया के कुकरीचोली में हाथी के हमले से किशोर की मौत

रायगढ़, 6 जून। रायगढ़ जिले के खरसिया वन परिक्षेत्र में हाथी ने 17 साल के एक बालक पर हमला कर दिया। इससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मामले की सूचना पर वन विभाग ने शव का पंचनामा कर आगे की कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि बरभौना गांव में हाथी दल को लेकर मुनादी कराई गई थी और ग्रामीणों को सतर्क रहने अलर्ट किया गया था। जानकारी के मुताबिक, खरसिया रेंज के गुर्दा सर्किल अंतर्गत कुकरीचोली में रहने वाला लक्ष्मीनारायण (17) बुधवार की सुबह कुरकुट नदी के किनारे रेलवे लाइन के करीब किसी काम से गया था तभी चार हाथियों के दल से उसका सामना हो गया और एक हाथी के हमले से बालक की मौके पर ही मौत हो गई।

70 हाथियों का दल वापस लौटा

बताया जा रहा है कि इससे पहले गुर्दा सर्किल क्षेत्र में 70 हाथियों के दल की मौजूदगी थी। यह दल वापस लौट गया है पर 4 हाथियों का दल यहां मौजूद था। इसमें नर, मादा के साथ शावक भी शामिल हैं और इसी दल से बालक का एकाएक सामना हो गया। वन विभाग ने ग्रामीणों को अलर्ट किया था, इसके बावजूद बरभौना गांव से कुछ दूरी में यह घटना घटित हो गई।

हाथी के करीब नहीं जाने की अपील

डीएफओ स्टायलो मंडावी ने बताया कि हाथी प्रभावित क्षेत्र में कोई जनहानि जैसी घटना न हो इसके लिए लगातार मुनादी कराई जाती है। डीएफओ ने लोगों से अपील की है कि हाथी के करीब नहीं जाए और किसी तरह की उनसे छेड़छाड़ नहीं किया जाए। उनका कहना है कि विभाग हाथी दल पर लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है।

भाजपा का अब तक का सबसे ज्यादा वोट शेयर 2019 की तुलना में सात प्रतिशत बढ़ा

रायगढ़, 6 जून। छग में भाजपा ने 11 में से दस सीटें जीतकर कमाल का प्रदर्शन किया है। रायगढ़ सीट पर ऐतिहासिक जीत के साथ-साथ वोट शेयर का भी रिकॉर्ड कायम किया है। 1991 से लेकर अब तक के नौ लोकसभा चुनावों में इस बार सबसे ज्यादा वोट शेयर हासिल किया है। 2019 के मुकाबले भाजपा के सात प्रश वोट बढ़े तो कांग्रेस के चार प्रश गिरे। भाजपा ने लगातार छठी बार रायगढ़ सीट पर कब्जा किया है। इस बार भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के खिलाफ अंडर करंट होने के बावजूद रायगढ़ में असर नहीं हुआ। कांग्रेस की रणनीति चुनाव जीतने की नहीं रही। रायगढ़ सीट पर प्रत्याशी घोषित करने में बहुत देरी की गई। तब तक भाजपा का अभियान आधा हो चुका था। यही सबसे बड़ा कारण था कि राहुल गांधी और सचिन पायलट जैसे नेताओं का प्रचार भी कांग्रेस को हार से नहीं बचा सका। वोट शेयर के मामले में भाजपा को जबर्दस्त कामयाबी मिली है। 1999 से लेकर अब तक वोट शेयर का अंतर बढ़ता जा रहा था। 2019 में जीत का अंतर कम रहा लेकिन वोट शेयर में पांच

प्रश अंतर रहा। भाजपा की जीत का राज यही है कि कहीं-कहीं कम वोट पाने के बावजूद वो मैनेज करने लायक स्थिति तक पार्टी को ले जाते हैं। पत्थलगांव और लैलूंगा में कमजोर लग रही स्थिति के बावजूद भाजपा ने चुनावी अभियान में ताकत झोंक दी। यही कारण है 2019 में जिन तीन क्षेत्रों में हारे थे, वहां भी कांग्रेस को पीछे धकेल दिया। इस बार कुल 14,49,673 वोटों में से राधेश्याम राठिया को 8,08,275 और मेनका सिंह को 5,67,884 वोट मिले। राधेश्याम ने 55.63 प्रश वोट अपनी ओर खींचे जबकि मेनका के हिस्से में 39.08 प्रश वोट ही आए।

पांच प्रतिशत से कम नहीं कर पा रहे अंतर

रायगढ़ सीट पर 2004, 2009, 2014 और 2019 लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की सबसे बड़ी परेशानी वोट शेयर ही रही है। ऐसा लगता है कि भाजपा प्रत्याशी उनकी रेंज से बाहर हो रहे हैं। इन चुनावों में वोट शेयरिंग में अंतर तकरीबन पांच प्रश या उससे अधिक ही रहा है। इस बार भी वोट शेयर में अंतर करीब 16.55 प्रश है। 2014 में विष्णुदेव साय ने कांग्रेस की आरती सिंह से 17.39 प्रश वोट ज्यादा पाए थे।

इस बार था कांग्रेस के पास मौका

2019 के चुनाव में गोमती साय 48.74 प्रश वोट हासिल करके जीती थी जबकि लालजीत सिंह राठिया भी 43.85 वोट हासिल कर सके थे। दोनों के बीच अंतर सिर्फ 4.89 प्रश का था। इस बार कांग्रेस के पास इस अंतर को पाटकर जीत दर्ज करने का था। लेकिन भाजपा के राधेश्याम राठिया के प्रचार अभियान ने अंतर बढ़ा दिया। भाजपा ने पिछली बार कमजोर रहे क्षेत्रों में ज्यादा प्रचार किया। 2019 में पत्थलगांव, धरमजयगढ़ और खरसिया में भाजपा को नुकसान हुआ था। इस बार वहां से भी कांग्रेस पीछे रही।

जिला निर्वाचन अधिकारी मलिक ने सफल निर्वाचन के लिए सभी का जताया आभार

महासमुंद। कलेक्टर एवं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी प्रभात मलिक ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत महासमुंद जिले में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतगणना प्रक्रिया संपन्न होने पर मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षा में तैनात जवानों और प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों से मिले सहयोग एवं मतदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि मतगणना कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मतगणना कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई।

कलेक्टर ने चुनाव में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया

बीजापुर, 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में सहभागिता देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शासकीय एवं अशासकीय संगठनों, लोक सेवी संस्थाओं तथा मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिले के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सहभागिता दी है। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न एवं नियोजित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।कलेक्टर श्री पाण्डेय ने केन्द्रीय

सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बल के जवानों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं वेब मीडिया के सभी पत्रकारों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है जिन्होंने आम निर्वाचन के दौरान निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों एवं निर्वाचन गतिविधियों का प्रभावी रूप से प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी शासकीय एवं गैर शासकीय प्रतिभागियों, विभिन्न लोक सेवी संस्थाओं और संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 9 जून को

रायगढ़, 6 जून। प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 9 जून 2024 रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र सेंट टेरेसा कान्वेंट स्कूल बोईरदादर रायगढ़ में किया जाएगा। परीक्षा में कुल 354 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ श्री महेश शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही सहायक संचालक आदिवासी विकास रायगढ़ सुश्री आकांक्षा पटेल को पर्यवेक्षक तथा प्राचार्य सेंट टेरेसा कान्वेंट स्कूल बोईरदादर रायगढ़ को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

'हमारी भूमि, हमारा भविष्य' की थीम पर रैली निकालकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पौधारोपण कर मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

बलौदाबाजार, 6 जून। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा एवं उसे संरक्षित करने के उद्देश्य से डीएफओ मयंक अग्रवाल के निर्देश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत बारनवापारा अभयारण्य के ग्राम बार में परिक्षेत्र के समस्त वनकर्मी, ग्रामीण एवं बच्चों के द्वारा ''हमारी भूमि, हमारा भविष्य'' की थीम पर भव्य रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया एवं पौधा रोपण किया गया। कोठारी परिक्षेत्र में पुत्रांजीवा, बेल आंवला, करंज तथा नीम के पौधों का रोपण किया गया। बलौदाबाजार परिक्षेत्र अंतर्गत लटुवा नर्सरी में सफाई अभियान चलाया गया तथा सोनबरसा जंगल के तालाब के मेंढ़ों में करंज, आंवला नीम आदि पौधों का रोपण किया गया। इसी परिपेक्ष्य में वन विभाग के समस्त वन अमलों एवं ग्राम बकला, बोरसी, भरका एवं टेमरी के ग्रामीणों द्वारा प्राचीन शिव मंदिर के नाम से विख्यात नारायण विहार के नदी तटबंध तथा आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की मुहिम चलाई गई। सोनाखान परिक्षेत्र अंतर्गत नारायण विहार में फलदार पौधे आम, इमली, अमरूद का रोपण किया गया तथा ग्रामीणों को रोपण किए गए पौधों की देखभाल करने का संकल्प लेकर पर्यावरण की सुरक्षा करने हेतु जागरूक किया गया। इसी प्रकार अर्जुनी परिक्षेत्र अंतर्गत महकोनी एवं गिण्डोला परिसर में वन प्रबंधन समिति, महिला स्व सहायता समूह एवं सुरक्षा श्रमिकों के द्वारा अलग-अलग तरह के पौधे लगाए गए। समिति के सदस्यों द्वारा रोपण किए गए पौधों की सुरक्षा का संकल्प भी लिया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस के इस अवसर पर वनकर्मियों द्वारा लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने एवं उसकी सुरक्षा करने के लिए जागरूक किया गया एवं भविष्य को बचाने के लिए भूमि का उपयोग सतत् तरीके से करने हेतु प्रेरित किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वास्थ्य केंद्रों में रोपे गए पौधे, देखभाल का लिया संकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 6 जून। कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इसके साथ ही साथ पौधारोपण में सम्मिलित स्टाफ ने पौधे की देखभाल करने का भी संकल्प लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के अनुसार पूरे देश में इस वर्ष गर्मी ने अपने रिकॉर्ड तोड़े हैं इससे पर्यावरण संरक्षण की उपयोगिता एक बार पुनः साबित हुई है। जलवायु परिवर्तन से लगातार औसत तापमान में वृद्धि हो रही है तथा मौसम में भी अनियमितता दिखाई पड़ती है। इससे कई प्रकार की स्वास्थ्यगत बीमारियों का भी जन्म होता है और परेशानी होती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित अन्य अस्पतालों में खाली भूमि पर पौधा रोपण का कार्यक्रम किया गया। इसमें बरगद, पीपल, नीम, करंज और जामुन प्रमुख पौधे रहे। इसके साथ ही साथ पोस्टर के माध्यम से भी लोगों को पर्यावरण के सम्बंध में जागरूक किया गया।

एक नजर

प्रेमी जोड़े ने लगाई फांसी

बलौदाबाजार, 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 5 जून को ज्ञानदीप स्कूल नया बस स्टैंड के पास बलौदाबाजार निवासी भुवनेश्वरी साहू पति राजेंद्र साहू जो की कमाने खाने के लिए प्रतिदिन बाहर जाते हैं, आज भी रोजी मजदूरी करने बाहर गए थे। इसी बीच उनकी पुत्री प्रमिला साहू (17) जो कि घर में अकेली थी ने घर में अकेला होना स्वयं को पाकर अपने प्रेमी हमेश पिता सुधुराम निषाद (21) निवासी ग्राम कुकुरदी को अपने निवास पर बुलाया व दोनों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस द्वारा मर्ग पंचनामा कायम कर जांच कार्रवाई की जा रही है।

मिष्ठान व्यवसायी के घर 4 लाख की चोरी

कोरबा, 6 जून। पसान क्षेत्र में चोरों ने मिष्ठान्न व्यवसायी गौरव गुप्ता के घर में सेंधमारी कर अपनी योजना को सफल किया। उन्होंने अंदर रखी अलमारी को उठाने के साथ काफी दूर ले गए। जहां उसे तोडकर साढ़े तीन लाख रुपए नकदी रकम और सोने चांदी के जेवरातों की चोरी कर ली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। कोरबा में चोरों के हौंसले एक बार फिर से बुलंद हो चले है। जिले के सीमावर्ती क्षेत्र पसान स्थित गौरव गुप्ता के घर में सेंधमारी कर चोरी की एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। चोर किचन में सेंधमारी कर पहले भीतर घुसे फिर भारी-भरकम अलमारी को बाहर निकालकर कुछ दूर ले गए फिर उसे बड़े आराम तोड़ा और लॉकर में रखे साढ़े तीन लाख रुपए नकदी रकम,सोने चांदी के जेवरता ले उड़े। सुबह सुबह घटना की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई।

तिल्दा-नेवरा, 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। खरोरा रोड, बहेसर, तिल्दा-नेवरा के नवनिर्मित ओम हॉस्पिटल के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होकर समस्त अस्पताल प्रबंधकों एवं चिकित्सकों को शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री एवं रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा की भी उपस्थिति रही। इस नवीन हॉस्पिटल के द्वारा क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी।

शासकीय उद्यान रोपणी पताड़ी में नींबू की नीलामी 7 को

कोरबा, 6 जून। शासकीय उद्यान रोपणी पताड़ी कोरबा में लगे नींबू फल की नीलामी 07 जून को दोपहर 02 बजे से की जाएगी। सहायक संचालक उद्यान श्रीमती आभा पाठक ने बताया कि ष्षासकीय उद्यान में लगे नींबू की नीलामी जो व्यक्ति भाग लेना चाहता है वे नीलामी के पूर्व नीबू फलबहार का अवलोकन शासकीय उद्यान रोपणी पताड़ी में कर सकते हैं। फलबहार के नियम एवं षर्तों की जानकारी उद्यान अधीक्षक से प्राप्त किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए उद्यान अधीक्षक मोबाइल नंबर 7697678999 पर संपर्क किया जा सकता है।

नरेंद्र मोदी एवं संतोष पाण्डेय की जीत से भाजपा कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

ढोल-नगाड़े और आतिशबाजी के साथ मिठाई बांट कर मनाई खुशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, 6 जून। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने एवम संतोष पाण्डेय के दोबारा सांसद बनने पर भारतीय जनता पार्टी शहर के कार्यकर्ताओ ने आतिशबाजी कर पटाखे फोड़ मिठाई बांटकर ढोल धमांके के साथ लोगो का अभिवादन किया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा के समन्यवक व पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सुरेंद्र बनोआना, प्रदीप बाघ, हरविंदर सिंह मगे, रविंदर पाल सीटे, तुलसी मिश्रा, सुषमा कोठरी, परविंदर सिंह मोंटी, संतोष राव, प्रिंस कक्कड़, अखिलेश गडेवाल, , मीना यादव, सुमित मिश्रा, कमलेश धमगाए, रामकुमार डडसेना, वीरेंद्र साहु, मनीष चक्रबर्ती, सावन टेम्भुरकर, श्याम आश्रय सिंह राजपूत, ईश्वर चौधरी, शिवा यादव, मयंक डोंगरे, नरेंद्र पटेल, विजय भगत, दशरथ निषाद, आर.एस.एन. मूर्ति, डी.पी शर्मा, आशिया बेगम, श्याम सुंदर नरेड़ी, सुरेश मरकाम, महेंद्र त्रिपाठी, अजय शर्मा, ललित शर्मा, कमलेश धमगाये, संतोष देवांगन, विजय सिंह भोला, गिरीश साहू, सोमांशु गजेंद्र, अशोक सेन, जय देवांगन, डिकेश राव, रिया साहू, मंगतीन यादव, रेणुका सिरसाम, ठागिया ऊइके, पूर्वा साहू, शंकुतला सिन्हा, पंच बाई, जानकी साहू, रामप्यारी साहू, सेवती मानिकपुरी, रामबाई यादव, तनुजा सिन्हा, संध्या साहू, विजय सिंह भोला, प्रीति चमन समुंद्रे आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

महिला मोर्चा ने मनाया पांडे की जीत का जश्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, 6 जून। लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव लोकसभा से संतोष पांडे के दुबारा चुनाव जीतने के बाद डोंगरगढ़ महिला मोर्चा ने फटाके फोड़ मिठाई बांट कर खुशी जाहिर की और माननीय नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर खुशी जाहिर की है। लोकसभा के परिणाम में डोंगरगढ़ विधानसभा में 11000 वोट से जितने पर महिला मोर्चा की डोंगरगढ़ शहर की अध्यक्ष सविता दरगढ ने खुशी जाहिर करते हुए डोंगरगढ़ की विधायक को नैतिकता के नाते स्तीफा की मांग की है। इस जश्न में लक्ष्मी यादव, अनिता इंदुरकर, अचला ठाकुर, सुधा श्रीवास्तव, सुलभा सिंग, उमरावती शाह, नमिता चौबे, लक्ष्मी बोरकर, सहित महिला मोर्चा ने जश्न मनाया।

अमृत सरोवर स्थलों में पौध रोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

स्वच्छता गतिविधियां एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाया

कोरबा, 6 जून। जिले के ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा से बनाए गए अमृत सरोवर स्थलों में 05 जून को ग्रामीणों, हितग्राहियों, जनप्रतिनिधियों द्वारा पौधरोपण करके विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों की सामूहिक भागीदारी से जल निकायों की साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। ग्राम पंचायतों में आयोजित इस विशेष उत्सव में जल संरक्षण एवं जैव विविधता के महत्व की जानकारी ग्रामीणों को देकर जागरूकता अभियान चलाया गया। जल संरक्षण एवं जैव विविधता के विषय में ग्रामीणों ने सामूहिक शपथ लेकर गांव में रैली निकाली तथा जल संरक्षण एवं पर्यावरण प्रबंधन का संदेश दिया। इसके साथ ही ग्रामीणों एवं मनरेगा हितग्राहियों को जल निकायों, तालाब, कुंआ, डबरी, नदी-नाले आदि के कायाकल्प एवं जीर्णोद्धार के सकारात्मक प्रभावों को भी बताया गया। भारत सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए अमृत सरोवर स्थलों को स्थायी प्रतीक के रूप में आदर्श संरचना मानते हुए 05 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष उत्सव मनाने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में आज ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर स्थलों पर विश्व पर्यावरण दिवस उत्सव मनाया गया। पर्यावरण दिवस मनाने के लिए ग्रामीणों के बीच परंपरागत माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया। ग्रामीणों एवं हितग्राहियों ने उत्सव में उत्साह पूर्वक सामूहिक भागीदारी करते हुए पौधरोपण, सफाई एवं जागरूकता अभियान में भाग लिया। ग्राम पंचायत बुंदेली, पीड़िया, लबेद, हरदेवा, रंजना, देवरी, बतारी, गोढ़ी, राल, पोटापानी, महोरा, तानाखार, मोहनपुर आदि ग्राम पंचायतों के अमृत सरोवर स्थलों में बड़े स्तर पर पौधरोपण किया गया। ग्रामीणों की सामूहिक भागीदारी से अमृत सरोवरों की साफ-सफाई करके स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके साथ ही अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को जल संरक्षण एवं जैव विविधता के महत्व की जानकारी दी गई। पर्यावरण दिवस उत्सव में जनपद पंचायत सीईओ, सरपंच, उपसरपंच, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, तकनीकी सहायक, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक सहित ग्रामीण हितग्राही स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

ग्रामों में मनाया जाएगा स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह : गांवों में पर्यावरण सरंक्षण एवं पर्यावरण प्रबंधन को बढाने के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 05 जून से 12 जून 2024 तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भू-जल को रिचार्ज करने एवं जल भराव को लंबे अवधि तक रोकने के लिए सोक पिट का निर्माण करने प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप पिट से जैविक कचरे को पोषक तत्व के रूप में जैविक खाद बनाने, कचरे से कम्पोस्ट खाद, अपशिष्ट पदार्थों का पुनः उपयोग एवं गैर-बायोडिग्रेडबेल कचरे का रिसायकलिंग के लिये प्रोत्साहित किया जाएगा।

समाचार संक्षेप

विश्व पर्यावरण दिवस पर पचपेड़ी में युवाओं किया पौधारोपण

भखारा, 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत पचपेड़ी के युवाओं ने पर्यावरण संतुलन बनाये रखने एवं आने वाले पीढ़ी की जिंदगी और तापमान प्रकोप को बचाने के लिए वृक्षारोपण का कार्य किया गया इस अवसर ग्राम पचपेड़ी के मनीष साहू ने बताया कि वह पिछले 4 वर्षो में 50 से अधिक वृक्षों का रोपण किया गया है जिसमें 38 वृक्ष आज भी जीवंत है जो जीव-जंतु को फल एवं छाया प्रदान कर रहा है!

तिल्दा-नेवरा के कार्यकर्ताओं ने की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात

तिल्दा नेवरा, 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा के नेतृत्व में तिल्दा नेवरा बलौदाबाजार विधानसभा के कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष बीजेपी किरण देव से मुलाकात कर विधान सभा में लोक सभा प्रत्याशी सांसद बृजमोहन अग्रवाल की रिकार्ड जीत पर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत कर अभिंदन किया। इस अवसर पर विजय केशरवानी अनिल अग्रवाल, राम पंजवानी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

तिल्दा नेवरा, 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित मालूराम शर्मा के निवास पर केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा को स्मृति चिन्ह देकर लोकसभा चुनाव में बलौदाबाजार विधानसभा से भाजपा के शानदार प्रदर्शन पर अभिनंदन किया गया।

स्कूलों एवं छात्रावासों में रोपे गए पौधे

कोरबा, 6 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंदई रेंज में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां मोरगा स्थित मिशन स्कूल में पौधरोपण के साथ ही इसकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में रेंजर अभिषेक दुबे व उनके स्टाफ के अलावा स्कूल की शिक्षक, शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे। पसान वन परिक्षेत्र में आदिवासी बालक छात्रावास सिर्री में वन विभाग की ओर से पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित अतिथियों के अलावा लोगों में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वनपाल ईश्वरदास मानिकपुरी, उनके स्टाफ तथा वन सुरक्षा समिति के सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई। वन परिक्षेत्र पाली में रेंजय संजय लकड़ा के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया।

दूसरी बार निर्वाचित सांसद ने बताई अपनी प्राथमिकताएं

कोरबा लोकसभा के विकास में नहीं होगी कोई राजनीति : ज्योत्सना महंत

कोरबा, 6 जून। लोकसभा क्षेत्र से दूसरी बार निर्वाचित सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा है कि जनता ने भाजपा की राष्ट्रीय नेत्री को हराकर मुझे फिर से सेवा के लिए सांसद चुना है। वे शोर मचाते रहे और हम खामोशी से अपना धर्म निभाते हुए सेवा करते रहे। कोरबा लोकसभा के विकास में कोई राजनीति नहीं होगी, सबका साथ लेकर सामूहिक पहल करेंगे। पूरे संसदीय क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान के लिए पूरी इच्छाशक्ति से मिलकर काम होगा। आम जनता के लिए दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे। सांसद ने कोरबा प्रेस क्लब तिलक भवन में पत्रवार्ता आहूत कर कहा कि उन्होंने जन अपेक्षाओं के अनुरूप कोरबा मेडिकल कालेज की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अब वर्तमान चिकित्सा सुविधाओं की पूर्ति बिसाहू दास महंत स्मृति मेडिकल कालेज में कराने के साथ ही आ रही दिक्कतों का समाधान करना प्राथमिकता है। जल्द ही मेडिकल कालेज व ईएसआईसी प्रबंधन के साथ बैठक की जाएगी। कोरबा रेलवे स्टेशन का उन्नयन में तेजी लाने का काम होगा और गेवरा रोड स्टेशन में भी यात्री सुविधाओं का विस्तार करना प्राथमिकताओं में शामिल है। सांसद ने कहा कि यात्री ट्रेनों को यात्रियों की सुविधानुसार चलाने का प्रयास करना, कोयला, राखड़, प्रदूषण से निजात दिलाने, सार्वजनिक व निजी उपक्रमों के माध्यम से कोरबा के विकास में भागीदारी बढ़ाने, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली, सडक़, पानी की व्यवस्था कराना प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी तरह सडक़ों के कार्य मेरे काफी प्रयासों से प्रारंभ हुए हैं जिन्हें पूरा कराना है। प्रमुख रूप से कोरबा-कुसमुंडा, चाम्पा-उरगा, उरगा-पत्थलगांव, कोरबा-कटघोरा, पतरापाली-कटघोरा, कोरबा-कटघोरा सडक़ का कार्य जल्द पूर्ण कराने की दिशा में कार्य करेंगे। पत्रवार्ता के दौरान प्रेस क्लब द्वारा सांसद का सम्मान पुष्पगुच्छ भेंटकर किया गया।

ट्रैफिक और फाटकों की समस्या का समाधान होगा: सांसद ने कहा कि कोरबा में ट्रैफिक की समस्या पर ध्यान देने की जरूरत है, यहाँ सडक़ दुर्घटना में लोग मारे जा रहे हैं, इस पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कार्य योजना बनाई जाएगी। कोरबावासियों को फाटकों की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रस्तावित अंडरब्रिज के कार्य में प्रगति लाना, प्रदेश व केंद्र सरकार के जो भी विभाग हैं, उनसे मिलकर प्रयास करूंगी। सुनालिया चौक के निकट निर्मित मल्टीलेवल पार्किंग को उपयोग में लाने के लिए प्रयास, हसदेव नदी से कोरबा तक वैकल्पिक सडक़ की योजना पर काम होगा।

नया टीपी नगर, भू-विस्थापितों के मामलों में गंभीरता: सांसद ने कहा कि कोरबा का नया ट्रांसपोर्ट नगर जल्द बने इसके लिए भी प्रयास होगा क्योंकि हमारी कांग्रेस की सरकार ने इसका भूमि पूजन भी किया है। 1300 मेगावाट पावर प्लांट जल्द अस्तित्व में लाने, स्वीकृत नवीन कालेज बांकीमोंगरा, जटगा, उमरेली, रामपुर, आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज कोरबा को भवन उपलब्ध कराना, कोयला खदानों के कारण भू-विस्थापित व कामगारों की समस्याओं का निराकरण कराने पूरी गंभीरता से काम होगा।

कोरबा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना का विचार था : सांसद महंत

कोरबा, 6 जून। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित सांसद ज्योत्सना महंत ने आज पत्रकारों से बातचीत में इस बात को स्पष्ट किया कि कोरबा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना सुविचारित योजना के अंतर्गत की गई। उनके ससुर स्वर्गीय बिसाहू दास महंत की मृत्यु समय पर प्राथमिक चिकित्सा नहीं मिलने के कारण हुई थी। यह टीस मन मे थी। उन्हें श्रद्धांजलि देने और जनता की सेवा करने के उद्देश्य से इस काम को मेडिकल कॉलेज के माध्यम से किया। कोरबा से दूसरी बार सांसद निर्वाचित हुई ज्योत्सना महंत ने चर्चा में कहां की कोरबा क्षेत्र में अलग-अलग विषय से जुड़ी हुई समस्याएं ज्यादा है। एक मामले का समाधान कर दिया जाए तो दूसरा विषय सामने प्रस्तुत हो जाता है यह अपने आप में चुनौती भी हैं। पिछले 5 वर्ष के कार्यकाल में ऐसी अनेक चीज सामने आई और उनके समाधान के लिए संसद के स्तर पर समुचित प्रयास किया गया और लोगों को राहत देने की कोशिश की गई।

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202405092200078

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2023-2024
करवारी प.ह.न. 00022 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- मिलन कुमार साहू,
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मिलन कुमार साहू आ. गरीबा राम साहू जाति तेली निवासी करवारी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के भाई मंशाराम साहू आ. गरीबा राम साहू का मृत्यु दिनांक 10.01.2007 को स्थान करवारी में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 12.06.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

एक नजर

रायपुर, 6 जून। पति के दीर्घायु के लिए आज महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा की।

अमित ने एनडीए की जीत पर मुख्यमंत्री को दी बधाई

रायपुर, 6 जून। लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में मिली भाजपा को ऐतिहासिक और रिकॉर्ड जीत के साथ देश में बनी एन.डी.ए सरकार बनने की भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमित चौधरी ने मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट कर बधाई दी। मोदी की गारंटी को पूरा करने वाले छत्तीसगढ़ के लाडले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को छत्तीसगढ़ के प्रत्येक कार्यकर्ता की ओर से बहुत-बहुत बधाई छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की 10 सीटों पर विजय हुई। डबल इंजन की सरकार से निश्चित ही प्रत्येक छत्तीसगढ़ वासीयो को इसका लाभ मिलेगा विष्णु देव साय की अगवाही में छत्तीसगढ़ तरक्की के नए सोपान तय करेगा ऐसी शुभकामनाओं के साथ भेंट हुई।

चित्रांगदा को पीएचडी

रायपुर, 6 जून। चाणक्य राष्ट्रीय विधि महाविद्यालय (सीएनएलयू) ने नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता

अंजय शुक्ला की सुपुत्री एवं उच्च न्यायालय अधिवक्ता अंजिनेश शुक्ला की भगिनी चित्रांगदा को लॉ में पीएचडी पूर्ण होने पर डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय जुवेनाइल जस्टिस एंड ह्यूमन राइट्स - इशूज़, चैलेंजेज़ एंड ऑपोर्ट्यूनिटीज़ था। उन्होंने अपना शोधकार्य प्रोफ़ेसर डॉ. अजय कुमार के सुपरविजन में किया। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य, शोध केंद्र के सभी शोधार्थी तथा परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

बृजमोहन अग्रवाल को मंत्री बनाने की मांग

रायपुर, 6 जून। नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, कार्यकारी

अध्यक्ष कुलदीप चावला, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र छाबड़ा एवं बलराज आहूजा तथा महामंत्री सुभाष अग्रवाल ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने हेतु एन.डी.ए. द्वारा नेता चुने जाने पर बधाई दी है। आहूजा ने कहा कि छ.ग. से बृजमोहन अग्रवाल 5 लाख 75 हजार मतों से विजयी हुए है। 9 बार विधायक रहे है लोकप्रिय व अजेय नेता है। इन्हें केन्द्र सरकार में मंत्री बनाये जाने से छत्तीसगढ़ की जनता को खुशी होगी। उसी प्रकार म.प्र. में शिवराज सिंह चौहान 20 वर्ष मुख्यमंत्री रहे है लोकप्रिय नेता है उन्हें भी मंत्री बनाये जाये। साथ ही इंदौर म.प्र. के लालवानी पूरे देश में सर्वाधिक 12 लाख मतो से विजयी हुए है केन्द्रीय मंत्री बनाया जाये। वैसे भी आडवानी के बाद सिंधी समाज को केन्द्र में प्रतिनिधित्व देना आवश्यक है। आशा है आप हमारी मांग अवश्य पूरी करेगें।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने आभार रैली निकाली, मिठाई बांटी

रायपुर, 6 जून। रायपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के रिकॉर्ड मतों से विजय श्री प्राप्त करने एवं रायपुर ग्रामीण विधानसभा से एक लाख से अधिक वोटो से विजय श्री प्राप्त होने पर आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने अमन नगर से विजय एवं आभार रैली निकाल कर विजयनगर चौक पर पटाखा फोड़ कर मिठाई वितरण की ,इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने कहा की ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू के कुशल नेतृत्व में रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से बृजमोहन अग्रवाल को एक लाख से अधिक वोटो से विजय श्री प्राप्त हुई है इसके लिए वह रायपुर ग्रामीण की जनता के साथ-साथ मोतीलाल साहू जी के कुशल नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु आज अमन नगर से विजय एवं आभार रैली निकाली गई जिसका क्षेत्र की जनता ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया रैली में प्रमुख रूप से जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी रामलाल साहू मंडल उपाध्यक्ष जितेंद्र नाग ,अखिल चटर्जी, आर के बनर्जी विकास मिश्रा सुब्रत घोष कमल पोरेल अजय पाणिकर रानी बघेल संतोषी मरकाम पूजा बघेल शोभा बघेल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

आचार संहिता समाप्त, होगी प्रशासनिक सर्जरी

मंत्रिमण्डल में फेरबदल की कवायद, नई दिल्ली से लौटने के बाद मुख्यमंत्री साय करेंगे नई नियुक्तियां

■ मुख्य नगरसंवाददाता

रायपुर, 6 जून। भारत निर्वाचन आयोग ने 18वीं लोकसभा गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 17वीं लोकसभा भंग होने के पश्चात आज छत्तीसगढ़ में भी चुनावी आचार संहिता समाप्त हो गई है। आचार संहिता समाप्त होने के पश्चात राज्य में प्रशासनिक सर्जरी, मंत्रिमण्डल के विस्तार एवं निगम मण्डलों में नियुक्ति को लेकर कवायद शुरू हो गई है। आज नवनिर्वाचित सांसदों का भाजपा कार्यालय में अभिनंदन करने के पश्चात मुख्यमंत्री दिल्ली जाएंगे। वहां से लौटने के पश्चात सभी गतिविधियां तेज हो जाएगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार छत्तीसगढ़ में कुल 11 लाकसभा सीटों में मतगणना के पश्चात जीते प्रत्याशियों को सर्टिफिकेट प्रदान कर दिया गया है। नियमानुसार इसका प्रकाशन राजपत्र में करने के लिए भेज दिया गया है। लोकसभा सचिवालय को भी इसकी सूचना दे दी गई है। सभी नवनिर्वाचित सांसदों के नाम का प्रकाशन केंद्रीय राजपत्र में कर दिया जाएगा। इसके साथ ही अब 18वीं लोकसभा अस्तित्व में आ जाएगी। प्रधानमंत्री एवं उनके सहयोगी नियमानुसार शपथ ले सकेंगे। राज्य में भाजपा को भी अच्छी सफलता मिली है। रायपुर लोकसभा से बृजमोहन अग्रवाल की जीत के पश्चात कैबिनेट में एक पद रिक्त हो जाएगा। इस पद को भरने के लिए शीघ्र कार्रवाई शुरू होने वाली है। इसको देखते हुए कई महत्वाकांक्षी विधायक दिल्ली में अपने राजनीतिक आकाओं से संपर्क कर रहे हैं। मंत्रिपरिषद में शामिल होने के लिए कई विधायक दिल्ली दौड़ लगा रहे हैं।

नए पीएससी चेयरमैन की तलाश

छत्तीसगढ़ में पीएससी में हुए घोटाले के पश्चात सीबीआई जांच शुरू हो गई है। अब यहां पर नए चेयरमेन की पदस्थापना की जाएगी। राज्य में कई अवकाश प्राप्त अधिकारी एवं दिल्ली के पहुंचवाले शीर्षस्थ अधिकारी इस पर पद आने के लिए प्रयासरत हैं। कांग्रेस शासनकाल में संतराम नेताम को सदस्य बनाया गया था। पीएससी में लिखित परीक्षा एवं पदोन्नति की अन्य प्रक्रिया पूरी की जाती है इसलिए यहां पर चेयरमेन का होना बहुत ही जरूरी है। राज्य में बिलासपुर संभाग के आयुक्त का पद भी रिक्त है। वहीं रायपुर के संभाग आयुक्त शीघ्र रिटायर होने वाले हैं इसलिए रायपुर, बिलासपुर में नए आयुक्तों की पदस्थापना की जाएगी। राज्य में राज्य निर्वाचन आयोग ने आयुक्त का पद रिक्त पड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री के दिल्ली से लौटने के पश्चात सभी नियुक्तियां की जाएंगी।

निगम-मंडलों में नियुक्ति के लिए महत्वाकांक्षी नेता कर रहे गणेश परिक्रमा

चुनाव समाप्त होने के बाद अब सभी महत्वाकांक्षी नेता एवं विधायक निगम-मंडलों में अध्यक्ष बनने के लिए गणेश परिक्रमा कर रहे हैं। मुस्लिम समुदाय को अपने समर्थन में करने के लिए भाजपा के मुस्लिम समर्थकों को भी उपकृत किया जाएगा। उर्दू एकेडमी, हज आयोग तथा अन्य आयोग में नियुक्ति दी जाएगी। विधायकों को संसदीय सचिव बनाने की भी कवायद चल रही है। राज्य में चांपा-जांजगीर एवं बालोद जिले में भाजपा नेताओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री दिल्ली से लौटने के बाद शीघ्र नियुक्तियां करेंगे। राज्य में भाजपा के सकारात्मक परिणाम आने के बाद मुख्यमंत्री को फ्री-हैंड भी किया जा सकता है।

राजस्व सहित अन्य विभागों के कार्यों में तेजी के निर्देश

■ आचार संहिता समाप्त होने के बाद कार्यालयों में लौटी बहार

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 6 जून। राजस्व सहित अन्य विभागों में लंबित पड़े कार्यों को अब तेजी से निपटाया जाएगा। रायपुर की अपर कलेक्टर निधि साहू ने राजस्व विभाग में नामांकन, बटांकन तथा ऋण पुस्तिका बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास तथा अन्य विभागों में भी लंबित पड़े कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

विधानसभा चुनाव के पश्चात लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी गई जिसके कारण शासन के लोक निर्माण, सिंचाई, नगरीय प्रशासन एवं ग्रामीण विकास विभाग के कई महत्वपूर्ण कार्य लंबित पड़े हुए हैं। आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि शासन द्वारा जो काम पूर्व में स्वीकृत कर दिए गए हैं उन्हें न रोका जाए। लेकिन प्रशासनिक अधिकारी जानबूझकर निर्माण कार्यों को रोक देते हैं। जिससे सड़क, पुल-पुलिया एवं नहरों के निर्माण का कार्य रूक जाता है। आचार संहिता के चलते आरडीए, हाउसिंग बोर्ड के नए फ्लैट्स, भूखंड एवं कामर्शियल काम्प्लेक्सों की नीलामी नहीं हो पा रही थी। आयोग से इसके लिए अनुमति मांगी गई है जिससे आरडीए और हाउसिंग बोर्ड के कई कार्य लंबित हैं। महिला बाल विकास विभाग में रेडी टू ईट कार्यक्रम की समीक्षा की जा रही है। इसके संबंध में अभी तक कोई फैसला नहीं हो पाया है। आबकारी विभाग में आहाता का टेंडर हो चुका है लेकिन इसको लेकर पुनः विवाद हो रहा है। आबकारी विभाग ने गंज भट्ठी तथा बिलासपुर के विभिन्न शराब दुकानों के अहातों के लिए भी टेंडर किया है। आयोग में विभिन्न शासकीय कर्मचारियों की पदस्थापना को लेकर अनेक शिकायतें आई है। सामान्य प्रशासन विभाग को इसकी सूचना भेज दी जाती है। इस संबंध में सैकड़ों आवेदन लंबित है।

राजस्व विभाग में लाखों प्रकरण लंबित

राजस्व विभाग में लाखों की संख्या में लंबित है। ग्रामीण स्तर पर एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को चुनावी ड्यूटी में तैनात कर दिया गया था। पटवारियों को मतदान केंद्रों की व्यवस्था देखने के लिए लगाया गया था जिसके कारण नामांतरण, बटांकन एवं ऋण पुस्तिका में संशोधन सहित अन्य मामले लंबित है। पूरे प्रदेश में साढ़े सार लाख मामले हैं। रायपुर जिले में अपर कलेक्टर निधि साहू ने इस संबंध में उच्च स्तरीय बैठक लेकर तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने बृजमोहन को दी बधाई

रायपुर, 6 जून। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि 8 बार विधायक और 5 बार मंत्री रह चुके एवं वर्तमान में छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा 5,75,285 मतों से रायपुर लोकसभा चुनाव में जीतने वाले सहज सरल व्यक्तित्व के धनी माननीय बृजमोहन अग्रवाल से आज चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधि मंडल मिला तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस अवसर चेम्बर सलाहकार अमर गिदवानी, जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी, उपाध्यक्ष-टी.श्रीनिवास रेड्डी, भरत जैन, मोहन वर्ल्यानी, विकास पंजवानी, मंत्री-नीलेश मूंधड़ा, लोकेश साहू, जयराम कुकरेजा, महेश खिलोसिया, युवा चेम्बर वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु वर्मा, जयंत मोहता, परविंदर चावला, गुरमीत सिंह रंधावा, महिला चेम्बर संरक्षक आभा मिश्रा, अध्यक्ष मधु अरोरा, कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट, ईला गुप्ता, नीलम दिवाकीर्ति, इंदिरा जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

केंद्र में जितने ज्यादा सांसदों को मंत्री पद मिले उतना ही अच्छा : गृहमंत्री

रायपुर, 6 जून। लोकसभा चुनाव 2024 में छत्तीसगढ़ में भाजपा का परफॉरमेंस जबरदस्त रहा. प्रदेश की 11 सीटों में से 10 सीटों में भाजपा को जीत मिली है. वहीं मोदी कैबिनेट में छत्तीसगढ़ के सांसदों को केंद्रीय मंत्रालय मिलने की चर्चा तेज हो गई है. यहां से किसे मौका मिलेगा, इस पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जितने लोगों को मिले उतना अच्छा है. प्रदेश का प्रतिनिधित्व बढ़े अच्छी बात होगी, कुछ न कुछ अच्छा ही होगा. छत्तीसगढ़ में भाजपा की बड़ी जीत के बाद केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश के नव निर्वाचित सांसदों और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को कल दिल्ली बुलाया है. सीएम साय सभी सांसद आज दिल्ली जाएंगे. इस पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि 8 जून को नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे. सभी राज्यों के मुख्यमंत्री दिल्ली पहुंचेंगे. संसदीय दल की बैठक है, उसमें आज हम सब सभी जाएंगे. मंत्री

विजय शर्मा ने कहा कि यह कांग्रेस का आंतरिक मसला है. लेकिन पीसीसी चीफ दीपक बैज का बस्तर से टिकट काट दिया गया, यह समझने वाली बात है. छग की जनता अनवरत भाजपा के साथ है.

आचार संहिता हटने के बाद सरकार के काम में तेजी आने के सवाल पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केवल आज का मसला है. कल आचार संहिता हट जाएगी, फिर सभी विभागों में साय-साय काम शुरू हो जाएगा. चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक पर विजय शर्मा ने कहा कि बैठक में सभी सीटों की समीक्षा होगी. जीत की भी और हार की भी समीक्षा होगी. जहां हार हुई है, तकनीकी तौर पर उन सभी विधानसभा सीटों पर समीक्षा होगी. 2024 के चुनाव में नोटा में पड़े अधिक वोट पर डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा कि यह सोचने का विषय है. किसी भी पार्टी का चयन नहीं होना यह सोचने का विषय है. लोकसभा चुनाव में 8 नए चेहरों को मौका दिया गया था. इस मामले पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, भाजपा में पुराने और नए चहरों का कॉम्बिनेशन है. अगर 8 नए थे तो 33 प्रतिशत पुराने चहरे भी थे.अगर केवल पुराने-पुराने करेंगे तो एंटी इनकंबेंसी होती है. जाति समीकरण के आधार पर कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की हुई हार पर विजय शर्मा ने कहा कि जिस सरकार के चेहरे जो लोग थे वह चुनाव में थे. जनता ने उन्हें पहले भी नकारा और अभी भी नकारा है. एक सीट और हमारा आना ही था.

छत्तीसगढ में फ्लॉप हो चुकी है कांग्रेस की सरकार : नेताम

रायपुर, 6 जून। भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता योगेश्वरानंद नेताम ने प्रदेश के 11 में से 10 संसदीय क्षेत्रों में बीजेपी को मिली शानदार

जीत के प्रदेश की जनता का आभार जताते हुए कांग्रेस की राजनीतिक दुर्दशा पर तीखा कटाक्ष किया है। योगी नेताम ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राहुल गांधी ने दो, प्रियंका वाड्रा ने तीन और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक सभा की जो पूरी तरह फ्लॉप शो साबित हुईं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी बजाय आत्ममंथन करने के अपनी तथाकथित जीत का झूठा प्रचार करके मुंगेरीलाल का चरित्र प्रदर्शित कर रहे हैं। प्रदेश के कांग्रेस नेताओं को यह अच्छी तरह याद रखना चाहिए कि देश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर अपना अडिग विश्वास व्यक्त कर भाजपा और भाजपानीत राजग को सरकार बनाने के लिए जनादेश दिया है। छत्तीसगढ़ की जनता पहले ही कांग्रेस का झूठ का स्वाद चख चुकी हैं। यहां की जनता समझदार है। उन्हें महतारी वंदन योजना पर भरोसा है, छत्तीसगढ़ के जनता को मोदी के गारंटी पे भरोसा है ना कि जुमले बाजी में कही गई राहुल के झूठे 1 लाख के वादे और जनता ने 10 लोकसभा में अपना आशीर्वाद देकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को विजयी बनाकर अपना प्यार बयां कर दिया है।

किरण सिंहदेव के नेतृत्व में भाजपा का छत्तीसगढ़ में दमदार प्रदर्शन : पांडेय

रायपुर, 6 जून। भाजपा नेता जयप्रकाश पांडेय ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के नेतृत्व में भाजपा ने छत्तीसगढ़ में दमदार प्रदर्शन किया है 11 में से 10 सीट भाजपा ने जीती है और बस्तर की दोनों सीटों पर भाजपा का कब्जा हुआ है जब से किरण सिंहदेव भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने हैं लगातार उनके नेतृत्व में संगठन के साथ-साथ कार्यकर्ताओं में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा लगातार सैकड़ो रैलिया की गई और कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया गया जिसके परिणाम स्वरूप आज छत्तीसगढ़ में भाजपा का डंका बजा है?

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगातार भाजपा सरकार द्वारा भी जनहितैषी कार्य किया जा रहे हैं जिससे कहीं ना कहीं जनता में सरकार के प्रति विश्वास बना हुआ है सरकार के कामों से लोग खुश हैं जिस वजह से छत्तीसगढ़ में भाजपा को एक बड़ी जीत मिली है भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव एक सुलझे हुए नेता होने के साथ-साथ एक अच्छा वक्ता भी हैं छात्र जीवन से

वह राजनीति से जुड़े हुए हैं और उन्हें संगठन चलाने का अनुभव पहले से रहा है आज उनके नेतृत्व में भाजपा और मजबूत होती दिखलाई पड़ रही है।मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे है देशवासियों ने भाजपा को सबसे ज्यादा सीटे दी है मोदी के नेतृत्व में दी है मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए दी है। पूरा का पूरा इंडी गठबंधन मिलकर भी भाजपा का सामना नहीं कर पाया। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, ओडिशा ऐसे कई राज्यों में भाजपा ने क्लीन स्वीप किया है।

कांग्रेस का सूपड़ा कई राज्यों से साफ हुआ है। यह दर्शाता है की देश की जनता अब कांग्रेस को इंडी गठबंधन को सरकार के लिए कोई विकल्प नहीं मानती।

ग्रामीण बैंक ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

रायपुर, 6 जून। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय नवा रायपुर में बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा की अध्यक्षता में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा एक नयी पहल करते हुए बैंक के सेवायुक्तों के बुजुर्ग माता पिता एवं बच्चों के माध्यम से वृक्षारोपण करवाया गया एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके जुडाव का सन्देश दिया गया। बैंक के अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है एवं प्रत्येक नागरिक को इसे संरक्षित करने का अधिकतम प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान नीम, अशोक, कदम के विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए बैंक के सभी सेवायुक्तों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों की देखभाल, समय-समय पर पानी देने तथा उनकी निगरानी करने की की शपथ ली गई। यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा।

रायपुर के छात्रों का ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन

रायपुर, 6 जून। विश्व के सबसे बड़े ओलंपियाड, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड परीक्षा 2023-24 में रायपुर के तीन छात्रों ने शीर्ष रैंक हासिल की है। दिल्ली पब्लिक स्कूल के पांचवीं कक्षा के छात्र सिद्धार्थ काकवानी ने इंटरनेशनल सोशल साइंस और कृष्णा पब्लिक स्कूल की पहली कक्षा की छात्रा अहाना असाती ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में प्रथम रैंक हासिल की। वहीँ दूसरी ओर द अमेरिकन स्कूल के दूसरी कक्षा के छात्र अनय केशवानी ने नेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में तीसरी रैंक प्राप्त की। पहली रैंक वाले को इंटरनेशनल गोल्ड मैडल और तीसरी रैंक वाले को इंटरनेशनल ब्रॉन्ज़ मैडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। इस वर्ष के एसओएफ ओलंपियाड में 70 देशों के लाखों छात्रों ने भाग लिया, जिसमें रायपुर के 52, 167 से अधिक छात्र शामिल थे। प्रतिभागियों में ब्राइटन

इंटरनेशनल स्कूल, राजकुमार कॉलेज सहित रायपुर के कई प्रतिष्ठित स्कूल शामिल थे। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) ने डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली में एसओएफ ओलंपियाड विजेताओं 2023-24 की उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए 26 वां सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक मिसरा और प्रसिद्ध लेखक एवं स्तंभकार चेतन भगत भी मौजूद थे।

समारोह में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक मिसरा ने 700 से अधिक उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, आर्टिफिसियल इंटलीजेंस का प्रयोग मात्र एक टूल की करना चाहिए, उन्होंने कहा की एआई इंसान का स्थान नहीं ले सकती, उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करते हुए की, प्रतिस्पर्धा कभी समाप्त नहीं होती, जब आप प्रतिस्पर्धा के बारे में बात करते हैं, तो सफलता उसके पीछे आती है क्योंकि हर कोई सफल होने के लिए प्रतिस्पर्धा करता है। सफलता ही वास्तविक उपलब्धि है। उन्होंने आगे कहा कि कोई व्यक्ति 'समय' पर महारत हासिल करने में सक्षम नहीं हो सकता है, लेकिन उसे समय का प्रबंधन करने के लिए दृढ़ संकल्प होना चाहिए। युवा छात्रों को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि उन्होंने कहां से पढ़ाई की है और अपनी मातृ संस्था को कभी न भूलें।

ब्रह्मविद फुटबॉल अकादमी के युवा को बुंडेसलीगा क्लब में प्रशिक्षण का अवसर

रायपुर, 6 जून। छत्तीसगढ़ के रहने वाले विलक्षण प्रतिभा के धनी युवराज केशवानी ने प्रतिष्ठित बुंडेसलीगा फुटबॉल क्लब में प्रशिक्षण अवसर हासिल करके उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। युवराज का चयन उनके असाधारण कौशल और खेल के प्रति समर्पण के साथ ही ब्रह्मविद फुटबॉल अकादमी द्वारा दिये गये खेल वातावरण का भी परिणाम है।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की शुरुआत मुंबई में बिगहिट स्पोर्ट्ज़ द्वारा आयोजित, एक कठिन चयन प्रक्रिया के साथ हुई जिसमें 11 राज्य और 100 शहरों के 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। विगत दिनों आयोजित चयन प्रक्रिया ने युवा फुटबॉलरों को राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने के लिए आकर्षित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में बुंडेसलीगा दिग्गज क्लाउडियो के अलावा पिजारो भी शामिल थे जिनका शानदार करियर आज भी दुनिया भर के महत्वाकांक्षी फुटबॉलरों को प्रेरित करता है। पिजारो के साथ, आइंट्राख्ट फ्रैंकफर्ट से खेल परियोजनाओं के प्रमुख आर्मिन क्राज़ और एफसी ऑग्सबर्ग के सह-प्रशिक्षक जोनाथन डिट्रिच जैसे प्रसिद्ध स्काउट्स ने भी यू14 चयन प्रक्रिया में अपना योगदान दिया। भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल के बीच बढ़ते तालमेल को रेखांकित करते हुए इस ट्रायल ने इंडियन सुपर लीग और आई-लीग क्लब का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख अधिकारियों का भी ध्यान आकर्षित किया। एक कठिन मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद, युवराज 15 चयनित खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरे जो प्रतिष्ठित बुंडेसलीगा क्लब में एक सप्ताह तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे।

युवराज और उनके साथी प्रशिक्षुओं

के लिए यह जीवन में एक बार आने वाला अवसर है जो शीर्ष स्तरीय कोचिंग स्टाफ के मार्गदर्शन में अपने पेशेवर फुटबाल कौशल को निखारेंगेइस प्रशिक्षण शिविर से युवराज जैसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों के लिए मार्गदर्शन के अलावा उनके प्रदर्शन के आधार पर बुंडेसलीगा क्लबों में उनका रिक्रुटमेंट भी संभावित है। युवराज का चयन न सिर्फ उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा को दर्शाता है बल्कि रेखांकित भी करता है। इसके अलावा ब्रह्मविद फुटबॉल अकादमी की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। रायपुर और पूरे छत्तीसगढ़ में यह फुटबॉल जगत के लिए अत्यधिक गर्व की बात है। युवराज की यह शानदार उपलब्धि देश भर में उभरते फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए उम्मीद और प्रेरणा है। यह उपलब्धि बताती है कि समर्पण, दृढ़ संकल्प और अटूट विश्वास से कुछ भी संभव है। ब्रह्मविद फुटबॉल अकादमी, ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल और छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन युवा प्रतिभाओं को आगे लाने और उन्हें मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26